संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज स्केल

आपकी बात, खबर आपकी

**सुविचार**

कठिनाइयाँ जीवन का हिस्सा हैं, लेकिन हार मान लेना विकल्प नहीं होना चाहिए।



5 अप्रैल 2016 को भारत ने स्वदेशी नेविगेशन प्रणाली नाविक (NavIC) को पूर्ण रूप से कार्यरत किया।

पूर्णिया , रविवार | 5 अप्रैल 2026 | email : newsscalepurnea@gmail.com | डिजिटल संस्करण | RNI NO. JHAHIN/2015/74242 | वर्ष 02, अंक 357

# 16-18 अप्रैल को संसद में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पर चर्चा, 2029 से 33% महिला आरक्षण लक्ष्य : पीएम मोदी

**नई दिल्ली,** (हि.स.)

नरेन्द्र मोदी ने घोषणा की है कि संसद 16 से 18 अप्रैल के बीच पुनः बैठक करेगी, जिसमें 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। सरकार का लक्ष्य वर्ष 2029 से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करना है।



**महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर**: केरल के तिरुवल्ला में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह कानून महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने और लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा।

**सीट पुनर्निर्धारण पर भ्रम दूर** प्रधानमंत्री ने सीटों के पुनर्निर्धारण को लेकर उठ रही आशंकाओं को खारिज करते हुए कहा कि इससे किसी भी राज्य की सीटें कम नहीं होंगी, बल्कि जनसंख्या के आधार पर सीटों में वृद्धि होगी, जिससे सभी क्षेत्रों को लाभ मिलेगा।

**महिला सशक्तिकरण योजनाओं का उल्लेख**: अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना और 'लखपति दीदी' जैसे कार्यक्रमों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं ने महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाई है।

**संसद में चर्चा से बनेगा रास्ता**

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस विधेयक को आगे बढ़ाने के लिए संसद में व्यापक बहस जरूरी है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपील करते हुए इसे राजनीति से ऊपर उठकर महिला सशक्तिकरण का विषय बताया।

▪ सरकार का लक्ष्य 2029 से लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33% आरक्षण देना है।

प्रधानमंत्री ने दोहराया कि 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' देश के समग्र विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाकर लोकतंत्र को और मजबूत करेगा।

## केरल में डबल इंजन सरकार से विकास को मिलेगी रफ्तार : नरेन्द्र मोदी

**।तिरुवल्ला,** (हि.स.)।।नरेन्द्र मोदी ने केरल के तिरुवल्ला में जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य में सत्ता परिवर्तन का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा-नीत राजग सरकार बनने पर विकास की सभी बाधाएं दूर होंगी और केरल प्रगति के नए दौर में प्रवेश करेगा। प्रधानमंत्री ने सबरीमाला मंदिर और स्वामी अयप्पा को नमन करते हुए राज्य की सांस्कृतिक परंपरा का उल्लेख किया। उन्होंने सबरीमाला रेल परियोजना में देरी के लिए राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि "डबल इंजन" सरकार बनने पर इसे शीघ्र पूरा किया जाएगा। मोदी ने एलडीएफ और यूडीएफ पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि दोनों ने बुनियादी ढांचे और विकास कार्यों की अनदेखी की है। उन्होंने कहा कि केंद्र द्वारा दी गई सहायता का पूरा लाभ जनता तक नहीं पहुंचा। उन्होंने युवाओं के पलायन पर चिंता जताई और रोजगार, उद्योग, स्टार्टअप व कौशल विकास पर जोर दिया। साथ ही महिला सशक्तिकरण योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इनसे महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। प्रधानमंत्री ने विदेशों में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा का भरोसा दिलाया और जनता से राजग को समर्थन देने की अपील की।

# वैश्विक झटकों ने हमारी लचीलेपन की परीक्षा ली और भारत मजबूती से बाहर निकला : विदेश मंत्री

**रायपुर,** (हि.स.)। डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि भारत आज दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और हाल के वैश्विक झटकों के बावजूद देश ने अपनी मजबूती साबित की है। उन्होंने कहा कि भारत ने घरेलू और बाहरी दोनों चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया है।



**दीक्षांत समारोह में शामिल हुए 552 छात्र**: विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर भारतीय प्रबंधन संस्थान रायपुर के 15वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर 552 छात्रों को डिग्री प्रदान की गई, जिनमें एमबीए के 314, एग्जीक्यूटिव एमबीए के 230 और 8 शोधार्थी शामिल थे।

**युवा पीढ़ी को 'विकसित भारत' का नेतृत्व करने का आह्वान**: उन्होंने कहा कि यह बैच 'विकसित भारत' के लक्ष्य को हासिल करने वाली पीढ़ी का हिस्सा है। तकनीक और वैश्वीकरण के इस दौर में युवाओं के पास अभूतपूर्व अवसर हैं और वे देश की प्रगति में अहम भूमिका निभाएंगे।

**बदलती दुनिया में अनुकूलन क्षमता जरूरी**: संस्थान के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष पुनीत डालमिया ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, जलवायु परिवर्तन और भू-राजनीतिक बदलाव के इस दौर में अनुकूलन क्षमता, ईमानदारी और निरंतर सीखना बेहद जरूरी है।

**मेधावी छात्रों को स्वर्ण पदक** समारोह के अंत में शिवांग छिकारा, शालिनी दुबे और बोबन चाको सहित मेधावी छात्रों को स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। बेहतर प्लेसमेंट और 20.93 लाख रुपये के औसत पैकेज के साथ संस्थान ने अपनी प्रतिष्ठा और मजबूत की है।

# हॉर्मुज स्ट्रेट में भारत की कूटनीतिक सफलता, अभी तक कुल आठ जहाज सुरक्षित निकले, और दो जहाज निकलने की तैयारी में

**नई दिल्ली,** (हि.स.)

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच भारत के एलपीजी टैंकर 'ग्रीन सानवी' के सफलतापूर्वक हॉर्मुज स्ट्रेट पार करने से देश को बड़ी राहत मिली है। वैश्विक तनाव के कारण इस अहम समुद्री मार्ग पर आवाजाही लगभग ठप है, लेकिन भारत अपने जहाजों को सुरक्षित निकालने में सफल रहा है।




**ऊर्जा आपूर्ति पर असर नहीं**: करीब 20-30 प्रतिशतःवैश्विक कच्चा तेल इसी मार्ग से गुजरता है। ऐसे में भारत के जहाजों का सुरक्षित निकलना देश की ऊर्जा आपूर्ति को स्थिर बनाए रखने में अहम साबित हो रहा है। हालांकि, अभी भी कई भारतीय जहाज इस क्षेत्र में मौजूद हैं, जिन्हें सुरक्षित निकालने के प्रयास जारी हैं।

**भारत के जहाजों की सुरक्षित वापसी**: ग्रीन सानवी समेत अब तक कम से कम आठ भारतीय जहाज इस मार्ग से सुरक्षित निकल चुके हैं। इनमें शिवालिक, नंदा देवी, जग लाड़की, पाइन गैस, जग वसंत, बीडब्ल्यू टायर और बीडब्ल्यू एल्म शामिल हैं। इसके अलावा ग्रीन आशा और जग विक्रम के भी जल्द पहुंचने की उम्मीद है।

**कूटनीतिक प्रयासों की सफलता**: विशेषज्ञों के अनुसार यह सफलता भारत की मजबूत कूटनीति का परिणाम है। ईरान के साथ लगातार संवाद के कारण भारतीय जहाजों को सुरक्षित मार्ग मिल रहा है। ईरान ने भी स्पष्ट किया है कि मित्र देशों के जहाज समन्वय के साथ इस रास्ते का उपयोग कर सकते हैं।



**युद्ध के बीच चुनौतीपूर्ण हालात**: अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच जारी संघर्ष के कारण हॉर्मुज स्ट्रेट पर खतरा लगातार बना हुआ है। ईरान द्वारा नाकाबंदी के चलते दुनिया भर के जहाज इस मार्ग पर फंसे हुए हैं, जिससे वैश्विक ऊर्जा संकट की आशंका गहरा गई है।

# ईसीआई नेट प्लेटफॉर्म से जानें उम्मीदवारों की शिक्षा और आपराधिक पृष्ठभूमि : चुनाव आयोग

**नई दिल्ली,** (हि.स.)

भारत निर्वाचन आयोग ने नागरिकों से अपील की है कि वे 2026 के आम और उपचुनाव के दौरान उम्मीदवारों की शैक्षणिक योग्यता, आपराधिक मामलों और संपत्ति संबंधी जानकारी जानने के लिए ईसीआई नेट प्लेटफॉर्म का उपयोग करें।




**चुनाव कार्यक्रम और उम्मीदवारों की संख्या**: आयोग के अनुसार 15 मार्च को असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की विधानसभाओं के चुनाव तथा गोवा, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, नगालैंड और त्रिपुरा की 8 सीटों पर उपचुनाव की घोषणा की गई थी। 9 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए असम, केरल और पुडुचेरी में कुल 1,955 उम्मीदवार मैदान में हैं।

**ईसीआई नेट प्लेटफॉर्म की विशेषताएं**: मतदाता ईसीआई नेट के "अपने उम्मीदवारों को जानें (केवाईसी)" मॉड्यूल के माध्यम से उम्मीदवारों के आपराधिक मामलों, संपत्ति, देनदारियों, शैक्षणिक योग्यता और सोशल मीडिया हैंडल की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही फॉर्म-26 के तहत जमा हलफनामा भी डाउनलोड किया जा सकता है। आयोग के अनुसार यह प्लेटफॉर्म 40 से अधिक सेवाओं को एकीकृत कर पारदर्शिता और मतदाता जागरूकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहा है।

**नामांकन की अहम तिथियां**

तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल (चरण-1) के लिए नामांकन वापसी की अंतिम तिथि 9 अप्रैल तय की गई है, जबकि पश्चिम बंगाल (चरण-2) के लिए यह तिथि 13 अप्रैल निर्धारित है।

# राघव चड्ढा का पलटवार-संसद में जनता के मुद्दे उठाने गया, हंगामा करने नहीं

**नई दिल्ली,** (हि.स.)

आम आदमी पार्टी (आप) में बढ़ता आंतरिक विवाद अब सार्वजनिक हो गया है। राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने पार्टी नेताओं द्वारा लगाए गए आरोपों को खारिज करते हुए इसे उनके खिलाफ चलाया जा रहा "संगठित अभियान" बताया है।



**मुद्दों की राजनीति पर जोर** उन्होंने कहा कि वह संसद में हंगामा करने नहीं, बल्कि जनता के मुद्दे उठाने जाते हैं। महंगाई, बेरोजगारी, स्वास्थ्य, शिक्षा और कर व्यवस्था जैसे विषयों पर अपनी सक्रियता का उन्होंने उल्लेख किया।

**नेताओं के तीखे बयान** वहीं सौरभ भारद्वाज, आतिशी और संजय सिंह ने उन पर गंभीर मुद्दों पर चुप रहने का आरोप लगाया। नेताओं ने कहा कि अरविंद केजरीवाल की टीम को हर मुद्दे पर मुखर होना चाहिए, जिससे विवाद और गहरा गया है।

▪ वॉकआउट में शामिल न होने के आरोप को उन्होंने पूरी तरह झूठ करार दिया।

---

▪ विवाद के बाद पार्टी में अंदरूनी मतभेद और ज्यादा गहरा गया।

**आरोपों पर चड्ढा का जवाब**

चड्ढा ने सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में कहा कि उन पर लगाए जा रहे आरोप बेबुनियाद हैं। उन्होंने वॉकआउट के मुद्दे पर कहा कि वह हमेशा विपक्ष के साथ खड़े रहे हैं और किसी भी मौके पर अलग नहीं रहे।

**महाभियोग प्रस्ताव पर सफाई**

मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पर हस्ताक्षर न करने के आरोप को उन्होंने झूठ बताया। उनका कहना है कि उनसे कभी हस्ताक्षर करने के लिए नहीं कहा गया और कई अन्य सांसदों ने भी ऐसा नहीं किया।

## किसान समृद्ध होंगे तो देश भी खुशहाल होगा, इसके लिए उनकी आय बढ़ना जरूरी : शिवराज सिंह



**रायसेन,** (हि.स.)। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कृषि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसानों की आय बढ़ाने के लिए खेती में विविधता व आधुनिक तकनीक अपनाना जरूरी है। उन्होंने दलहन-तिलहन, फल-सब्जी और बागवानी फसलों पर जोर देने की बात कही।

**आधुनिक तकनीक पर जोर**: 11 से 13 अप्रैल तक होने वाले उन्नत कृषि मेले में ड्रोन, डिजिटल कृषि, जैविक खेती, मृदा स्वास्थ्य और फसल विविधीकरण जैसे विषयों पर किसानों को जानकारी दी जाएगी।

**बड़े स्तर पर आयोजन:**

मेले का उद्घाटन राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। इसमें हजारों किसान, सैकड़ों प्रदर्शक और विशेषज्ञ शामिल होंगे।

**प्रशिक्षण का अवसर:**

तीन दिवसीय मेले में सेमिनार और कार्यशालाओं के माध्यम से किसानों को फसल प्रबंधन, पशुपालन, बीज उत्पादन और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

# ट्रम्प का ईरान को 48 घंटे का अल्टीमेटम, नाटो पर भी उठाए सवाल

**वॉशिंगटन,** (हि.स.)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने के लिए 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि तय समय में यह जलमार्ग नहीं खोला गया, तो अमेरिका कड़ी कार्रवाई कर सकता है।



ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रूथ सोशल' पर पोस्ट करते हुए कहा कि समय तेजी से खत्म हो रहा है। उन्होंने याद दिलाया कि पहले ईरान को 10 दिन का समय दिया गया था, लेकिन अब यह अवधि घटाकर 48 घंटे कर दी गई है।

होर्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए बेहद महत्वपूर्ण मार्ग है, जहां किसी भी तरह का अवरोध अंतरराष्ट्रीय बाजार पर बड़ा असर डाल सकता है। ट्रम्प ने संकेत दिया कि अगर ईरान ने इस मार्ग को खोलने में देरी की, तो गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।

इसी के साथ, ट्रम्प ने नाटो पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने गठबंधन को "कमजोर" और "गैर-भरोसेमंद" करार देते हुए कहा कि मौजूदा हालात में यह अपने दायित्वों को प्रभावी ढंग से निभाने में विफल रहा है।

ट्रम्प ने यह भी संकेत दिया कि अमेरिका नाटो के साथ अपने संबंधों की समीक्षा कर सकता है। उन्होंने ईरान से जुड़े मौजूदा तनाव के दौरान कुछ सहयोगी देशों के रुख पर नाराजगी जताई।

विशेषज्ञों का मानना है कि ट्रम्प के इन बयानों से पश्चिम एशिया में जारी तनाव और बढ़ सकता है, साथ ही अंतरराष्ट्रीय कूटनीति पर भी इसका व्यापक प्रभाव पड़ने की आशंका है।

# IPL 2026: देशपांडे के शानदार आखिरी ओवर और बिश्नोई के चार विकेट के दमपर राजस्था ने गुजरात को 6 रन से हराया

**अहमदाबाद,** **(हि.स.)** राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के रोमांचक मुकाबले में गुजरात टाइटंस को 6 रन से हराकर सीजन की पहली थ्रिलिंग जीत दर्ज की। तुषार देशपांडे की आखिरी ओवर में शानदार गेंदबाजी और रवि विश्नोई के चार विकेट इस जीत के मुख्य कारक बनें। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान ने 20 ओवर में 210/6 का मजबूत स्कोर खड़ा किया। यशस्वी जायसवाल (55) और ध्रुव जुरेल (75) ने शानदार अर्धशतक लगाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। जबकि युवा वैभव रघुवंशी ने 31 रन की तेजतर्रार पारी खेली। जवाब में गुजरात की शुरुआत अच्छी रही, जहां साई सुदर्शन ने 73 रनों की बेहतरीन पारी खेली। हालांकि, बीच के ओवरों में बिश्नोई ने मैच का रुख बदल दिया। उन्होंने लगातार विकेट लेकर गुजरात को दबाव में ला दिया और चार अहम बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। गुजरात एक समय मजबूत स्थिति में दिख रही थी, लेकिन विकेट गिरने से टीम 133/5 तक सिमट गई। इसके बाद आखिर में राशिद खान और कगिसो रबाडा ने तेज रन बनाकर मैच को रोमांचक बना दिया। फिर आखिरी ओवर में गुजरात को जीत के लिए 11 रन चाहिए थे, लेकिन देशपांडे ने दबाव में बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए सिर्फ 4 रन दिए और एक अहम विकेट भी लिया। इस तरह राजस्थान ने एक बेहद रोमांचक मुकाबले में 6 रन से जीत हासिल कर टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत की।



# बिहटा बनेगा बिहार का नया एयर कनेक्टिविटी हब, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने निर्माण कार्यों का लिया जायजा

**न्यूज स्केल पटना,**

--------------------

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को दानापुर-बिहटा एलिवेटेड कॉरिडोर, निर्माणाधीन बिहटा एयरपोर्ट, एयरपोर्ट को जोड़ने वाली एलिवेटेड सड़क तथा भारतीय वायुसेना के बिहटा स्थित रनवे का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली और कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ तय समय-सीमा के भीतर पूरे किए जाएं, ताकि परियोजना का लाभ जल्द से जल्द आम लोगों को मिल सके। उन्होंने कहा कि यह परियोजना राज्य



के बुनियादी ढांचे को नई ऊंचाई देने वाली साबित होगी।

**कनेक्टिविटी को मिलेगा नया आयाम**

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहटा एयरपोर्ट के निर्माण से बिहार में हवाई संपर्क और अधिक मजबूत होगा। यात्रियों को आधुनिक और विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही, राजधानी पटना से बिहटा तक कम समय में पहुंच सुनिश्चित करने के लिए दानापुर-बिहटा एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण कराया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर यात्रियों का दबाव लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में बिहटा एयरपोर्ट के चालू होने से इस दबाव में उल्लेखनीय कमी आएगी और हवाई सेवाओं का विस्तार संभव हो सकेगा।

**रोजगार और कारोबार को मिलेगा बढ़ावा**

सीएम ने कहा कि यह परियोजना केवल परिवहन सुविधा तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे राज्य में रोजगार और व्यवसाय के नए अवसर भी सृजित होंगे। बिहटा और आसपास के क्षेत्रों में औद्योगिक विकास को गति मिलेगी, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

**तेजी से चल रहा है निर्माण कार्य**

अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि एलिवेटेड कॉरिडोर और एयरपोर्ट से जुड़ी अन्य परियोजनाओं का कार्य तेजी से प्रगति पर है। कई हिस्सों में निर्माण अंतिम चरण में पहुंच चुका है, जबकि शेष कार्यों को भी निर्धारित समय के भीतर पूरा करने की योजना है।

निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, तकनीकी विशेषज्ञ और संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने सभी एजेंसियों को आपसी समन्वय के साथ काम करने और किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचने की हिदायत दी।

# मुख्यमंत्री से वर्ष 2024 बैच के बिहार कैडर के भारतीय वन सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने की मुलाकात

**पटना,** (हि.स.) मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प सभागार'में आज वर्ष 2024 बैच के बिहार कैडर के भारतीय वन सेवा के 04 प्रशिक्षु अधिकारियों, हिमांशु द्विवेदी, प्रिंस कुमार सिंह, रविन्दर कुमार वर्मा एवं योगेश बोरकर ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षु अधिकारियों से बातचीत करते हुए कहा कि आप लोगों ने अपने-अपने अनुभव साझा किए। आपलोग अभी ट्रेनिंग पीरियड में हैं, उसके बाद आपलोगों की पोस्टिंग होगी। बिहार में हरित आवरण पहले मात्र 9 प्रतिशत था। राज्य सरकार ने अपने प्रयासों से इसे बढ़ाकर 17 प्रतिशत तक



पहुँचाया है। हरित आवरण को बढ़ाने में आप सभी अधिकारी सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से बिहार में वर्षापात कम हो रहा है इसलिये जल संचयन पर जोर देने की आवश्यकता है ताकि आने वाले समय में ग्राउण्ड वाटर लेवल को संतुलित रखा जा सके।

शहरों में बढ़ रहे प्रदूषण को कम करने हेतु लोगों में जागरूकता फैलाना आवश्यक है। आप सभी संवेदनशीलता, ईमानदारी, अनुशासन एवं पूर्ण मनोयोग से कार्य करते हुये राज्य एवं देश की तरक्की में अपना योगदान दें। आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ चन्द्रशेखर सिंह, प्रधान मुख्य वन संरक्षक प्रभात कुमार गुप्ता सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# ज़िलाधिकारी की अध्यक्षता में पाटलिपुत्र बस टर्मिनल की कार्यकारिणी समिति की बैठक

**पटना,** (हि.स.) पटना में स्थित पाटलिपुत्र बस टर्मिनल की कार्यकारिणी समिति की बैठक ज़िलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में टर्मिनल से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई और यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने पर जोर दिया गया।

**अतिक्रमण हटाने पर जोर**

टर्मिनल के आसपास के क्षेत्रों में हो रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों से कहा गया कि नियमित अभियान चलाकर अवैध कब्जों को हटाया जाए, जिससे यातायात सुचारु रहे और



**बस परिचालन को सुव्यवस्थित करने के निर्देश**: बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि पाटलिपुत्र बस टर्मिनल परिसर से बसों के परिचालन एवं पड़ाव को पूरी तरह सुव्यवस्थित किया जाए। बसों के आगमन और प्रस्थान के लिए निर्धारित व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा अव्यवस्था को समाप्त करने पर विशेष बल दिया गया, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

टर्मिनल परिसर में भीड़भाड़ की समस्या कम हो सके।

**यात्री सुविधाओं के बेहतर प्रबंधन के निर्देश**: बैठक में शौचालय, पेयजल व्यवस्था और डॉरमिट्री के समुचित संचालन एवं रख-रखाव पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। इन सुविधाओं को नियमित रूप से साफ-सुथरा और क्रियाशील बनाए रखने के निर्देश दिए गए, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

**साफ-सफाई और समग्र व्यवस्था पर विशेष ध्यान**: ज़िलाधिकारी ने टर्मिनल परिसर में साफ-सफाई की स्थिति को और बेहतर बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए नियमित सफाई, कचरा प्रबंधन और निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे यात्रियों को एक स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सके।

# ईमानदार अफसरों को मिलेगा सम्मान, भ्रष्टाचार के लिए सरकार में कोई जगह नहीं: उपमुख्यमंत्री

## - भूमि सुधार अभियान नहीं रुकेगा, भू-माफियाओं पर सख्त कार्रवाई तय

**पटना,** (हि.स.) बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि राज्य में भूमि सुधार अभियान किसी भी हाल में नहीं रुकेगा और भूमि माफियाओं व अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनता के काम में बाधा डालने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की ओर से आयोजित 'भूमि सुधार जन-कल्याण संवाद' कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि जमीन से जुड़े विवाद केवल दो लोगों का मामला नहीं होते, बल्कि इससे पूरे समाज में तनाव पैदा होता है। इसलिए



सरकार का लक्ष्य है कि ऐसे विवादों का निपटारा कागजों तक सीमित न रहकर जमीन पर दिखे।

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि अब तक आयोजित संवाद कार्यक्रमों में 15 हजार से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिन्हें डिजिटल प्रणाली से दर्ज कर उनकी लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकारी या गरीबों की जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कानून से ऊपर कोई नहीं है, चाहे वह कितना ही प्रभावशाली क्यों न हो। भूमि मामलों में भ्रष्टाचार, लापरवाही या अनावश्यक देरी की शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारियों पर भी कड़ी कार्रवाई होगी।

सिन्हा ने कहा कि सरकार का उद्देश्य गांवों में शांति और सामाजिक सौहार्द कायम रखते हुए विकास की गति को तेज करना है। हड़ताल और तालाबंदी जैसी प्रवृत्तियों को उन्होंने अराजकता का प्रतीक बताते हुए कहा कि इससे आम जनता का काम बाधित होता है।अंत में उन्होंने जनता से अपील की कि भूमि सुधार अभियान में सहयोग करें, ताकि बिहार को भूमि विवादों और अराजकता से मुक्त कर एक विकसित, शांतिपूर्ण और समृद्ध राज्य बनाया जा सके।

# डोमेस्टिक पीएनजी विस्तार के लिए तकनीकी प्रशिक्षण पहल

**पटना,** (हि.स.)डोमेस्टिक पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) के आच्छादन के विस्तार को तेज करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी, पटना के निर्देश पर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल के तहत गेल को आवश्यक सहयोग प्रदान करते हुए विभिन्न तकनीकी संस्थानों में कार्यरत कर्मियों को दक्ष बनाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पीएनजी कनेक्शन से जुड़े कार्यों को सुचारू, सुरक्षित एवं मानक के अनुरूप सुनिश्चित करना है, ताकि भविष्य में उपभोक्ताओं को निर्बाध सेवा मिल सके।

**आईटीआई संस्थानों में मास्टर**



**प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण**: इस अभियान के अंतर्गत गवर्नमेंट आईटीआई दीघा, महिला आईटीआई दीघा, आईटीआई पटना सिटी सहित अन्य स्थानों पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए। मास्टर प्रशिक्षकों द्वारा आईटीआई, पीएचईडी तथा अन्य तकनीकी विभागों के प्लम्बर एवं कर्मियों को पीएनजी पाइपलाइन इंस्टॉलेशन, सुरक्षा मानकों, लीकेज जांच, और रखरखाव से संबंधित व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को आधुनिक तकनीकों से अवगत कराते हुए उन्हें फील्ड वर्क के लिए तैयार किया गया।

**पीएनजी विस्तार में तेजी लाने की दिशा में प्रयास**: इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से पीएनजी नेटवर्क के विस्तार कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है। प्रशिक्षित कर्मियों की मदद से घर-घर तक पाइप्ड गैस

**01: गेल को सहयोग प्रदान करने हेतु तकनीकी कर्मियों को दक्ष बनाने पर जोर दिया गया।**

------------------

**02 : गवर्नमेंट आईटीआई दीघा, महिला आईटीआई दीघा और आईटीआई पटना सिटी में प्रशिक्षण सत्र हुए।**

------------------

पहुंचाने की प्रक्रिया अधिक प्रभावी और सुरक्षित होगी। साथ ही, स्थानीय स्तर पर कुशल मानव संसाधन उपलब्ध होने से परियोजना के क्रियान्वयन में भी गति आएगी और उपभोक्ताओं को स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल ईंधन का लाभ समय पर मिल सकेगा।

# नदावां महादंगल में भारत के पहलवानों का दबदबा, 30 हजार दर्शकों ने बढ़ाया उत्साह

**पटना,** (हि.स.)पटना के बाढ़ अनुमंडल के नदावां गांव में बिहार केसरी विवेका पहलवान की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय महादंगल में भारत के पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीत लिया। कड़ी धूप के बावजूद लगभग 25 से 30 हजार की भीड़ अखाड़े में डटी रही और पूरे आयोजन के दौरान उत्साह बना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत करीब 12 बजे ध्वजारोहण के साथ विधिवत रूप से की गई।

इस मौके पर (अनंत सिंह) पूरे समय अखाड़े में मौजूद रहे और पहलवानों एवं दर्शकों



का हौसला बढ़ाते नजर आए। उन्होंने आयोजन के दौरान गायक (गुंजन सिंह) से मंच पर प्रस्तुति देने का आग्रह किया, जिसके बाद उन्होंने एक के बाद एक कई लोकप्रिय गीत गाए। उनके गीतों पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं और माहौल पूरी तरह उत्साहपूर्ण हो गया। खासकर 'गमछिये से हमहो रंगदार लगते हैं' जैसे गीत पर दर्शकों के साथ अनंत सिंह भी गमछा लहराते नजर आए, जिससे कार्यक्रम का जोश और बढ़ गया।

कुश्ती के मुकाबलों में भारत के पहलवानों ने ईरान और अन्य देशों के खिलाड़ियों को कड़ी चुनौती दी। महाराष्ट्र के शिवा पहलवान और दिल्ली के जॉटी गुर्जर सहित कई भारतीय पहलवानों ने अपने दमदार प्रदर्शन से जीत हासिल की। वहीं जॉर्जिया के पहलवान टेडडो ने भी शानदार मुकाबले में जीत दर्ज की। सभी विजेता पहलवानों को एक लाख रुपये नकद और शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

इस अंतरराष्ट्रीय महादंगल ने न केवल खेल प्रेमियों को रोमांचित किया, बल्कि स्थानीय युवाओं में कुश्ती के प्रति रुचि और प्रेरणा भी जगाई। आयोजन में खेल भावना, उत्साह और सांस्कृतिक रंगों का अनूठा संगम देखने को मिला।

# कायस्थ समाज की एकजुटता व मजबूत राजनीतिक भागीदारी को जीकेसी का संकल्प

## विश्व के 26 देशों तक फैला संगठन, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यों की सराहना

**न्यूज स्केल पटना,**

ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस (जीकेसी) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक शनिवार को पटना में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जीकेसी के ग्लोबल अध्यक्ष सह जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि संगठन कायस्थ समाज की एकजुटता और सशक्त राजनीतिक हिस्सेदारी के लिए पूरी तरह संकल्पित है। उन्होंने बताया कि जीकेसी का विस्तार अब विश्व के 26 देशों के साथ-साथ भारत के अधिकांश राज्यों तक हो चुका है और संगठन विस्तार



के लिए लगातार योजनाबद्ध कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

**महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर**: जीकेसी की प्रबंध न्यासी रागिनी रंजन ने कहा कि संगठन महिला सशक्तिकरण के लिए कुटीर उद्योगों की स्थापना कर रहा है। इसके साथ ही 'गो ग्रीन अभियान' और 'जीकेसी पाठशाला' जैसे सामाजिक कार्यक्रम भी संचालित किए जा रहे हैं।

**स्वाधीनता संग्राम में कायस्थ समाज की भूमिका पर चर्चा**

मेजर जनरल अनुज कुमार माथुर ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और देश के नव निर्माण में कायस्थ समाज की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला।

**इन वक्ताओं ने रखे अपने विचार**: बैठक में नवीन कुमार, डॉ. आदित्य नाथ, गिरीश माथुर, श्रीमती सपना वर्मा, द्वीपेश भटनागर, श्वेतांक शैलकवाल, अवनीश श्रीवास्तव, दीपक अभिषेक, धनंजय प्रसाद, डॉ. नम्रता आनंद, राजेश कुमार डब्लू, कुमार किशोर, मुकेश महान, नवीन श्रीवास्तव, मुकेश श्रीवास्तव, शिवानी गौड़, बलिराम श्रीवास्तव, रवि सहाय, रवि शंकर प्रसाद सिन्हा, संजय कुमार सिन्हा, हरि कृपाल, शारदा श्रीवास्तव, प्रभाकर मनीष, कृष्ण कृपाल सिन्हा, मनीष कुमार, दिवाकर कुमार वर्मा, दीप दृष्टि, आलोक अभिराव, कुमार मानवेन्द्र, सुनील कुमार वर्मा, कमल किशोर एवं अतुल आनंद सन्नू सहित कई गणमान्य लोगों ने अपने विचार रखे।

**नीतीश कुमार के कार्यों की सराहना**: अपने संबोधन में उन्होंने नीतीश कुमार के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा समाज के सभी वर्गों के विकास के लिए प्रभावी पहल की जा रही है। विशेष रूप से डॉ. राजेंद्र प्रसाद के जन्मस्थल व समाधि स्थल के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण तथा जयप्रकाश नारायण के जन्मस्थल एवं संपत्तियों के संरक्षण के लिए किए गए कार्य सराहनीय हैं।

अध्यक्षता व धन्यवाद ज्ञापन

बैठक की अध्यक्षता बिहार प्रदेश अध्यक्ष दीपक कुमार अभिषेक ने की, जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश महासचिव धनंजय प्रसाद ने किया।

**कल होगा भव्य सम्मान समारोह**: राष्ट्रीय प्रवक्ता अतुल आनंद सन्नू ने जानकारी दी कि रविवार को बापू सभागार में कला, संस्कृति, समाजसेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली 26 विशिष्ट हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा।

यह बैठक संगठन की मजबूती, सामाजिक भागीदारी और राजनीतिक सशक्तिकरण के स्पष्ट संदेश के साथ संपन्न हुई।

# 72 घंटे में दानापुर ज्वेलरी लूट कांड का खुलासा, 5 आरोपी गिरफ्तार

**न्यूज स्केल पटना,**

पटना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दानापुर ज्वेलरी लूट कांड का महज 72 घंटे के भीतर सफल उद्भेदन कर लिया है।बता दें कि 31 मार्च 2026 को दानापुर थाना क्षेत्र स्थित एक ज्वेलर्स दुकान में अज्ञात अपराधियों ने हथियार के बल पर लूट की घटना को अंजाम दिया था।



मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी)भानु प्रताप सिंह के निर्देशन में विशेष जांच टीम (SIT) का गठन किया गया।

गठित टीम ने तकनीकी अनुसंधान एवं सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण के आधार पर मुख्य साजिशकर्ता को सिवान से गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर चार अन्य आरोपियों को भी दबोचा गया।

पुलिस ने आरोपियों के पास से 7 ग्राम सोना, 832 ग्राम चांदी, 2 देशी कट्टा, कारतूस, मोबाइल फोन, बेहोश करने वाला स्प्रे, एक स्कूटी और एक बाइक बरामद कर जब्त किया है।

एसपी (पश्चिमी) ने बताया कि मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी

# पूर्णिया में पेंशनधारियों के लिए मेगा अभियान : 17 अप्रैल तक हर पंचायत में लगेगा जीवन प्रमाणीकरण शिविर

## 1.37 लाख लंबित मामलों को निपटाने का लक्ष्य, डीएम के सख्त निर्देश—कोई भी पात्र लाभार्थी न छूटे

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

जिले के पेंशनधारियों को समय पर पेंशन का लाभ दिलाने और लंबित जीवन प्रमाणीकरण कार्य को शत-प्रतिशत पूरा करने के उदेश से प्रमाणीकरण कार्य जिला पदाधिकारी पूर्णिया अंशुल कुमार के दिशा निर्देश से चलाया जा रहा है। अब इस विशेष अभियान के जरिए शेष सभी मामलों को तय समय सीमा में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत जिले के पेंशनधारियों को समय पर पेंशन का लाभ दिलाने और लंबित जीवन प्रमाणीकरण कार्य को शत-प्रतिशत पूरा करने के उदेश्य से ग्रामीण स्तर पर 08 अप्रैल से 17 अप्रैल 2026 तक जिले के सभी पंचायतों में



विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे, जहां पेंशनधारी अपना जीवन प्रमाणीकरण करवा सकेंगे।

**1,37,043 पेंशनधारियों का प्रमाणीकरण सुनिश्चित करना है उदेश्य**

जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार के निर्देश पर चलाए जा रहे इस विशेष अभियान का उद्देश्य जिले में लंबित 1,37,043 पेंशनधारियों का प्रमाणीकरण सुनिश्चित करना है। प्रशासन ने इसे सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में अहम कदम बताया है।

**पंचायत स्तर पर विशेष शिविर, सीएससी के माध्यम से होगा प्रमाणीकरण**

अभियान के तहत पंचायत स्तर पर निर्धारित स्थलों पर शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के वीएलई (Village Level Entrepreneur) द्वारा तकनीकी माध्यम से जीवन प्रमाणीकरण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी, जिससे पेंशनधारियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

**जनप्रतिनिधियों को दी गई जिम्मेदारी, घर-घर से लाए जाएंगे लाभार्थी**

अभियान को सफल बनाने के लिए पंचायत सचिव, वार्ड सदस्य, विकास मित्र एवं अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें निर्देश दिया गया है कि वे पेंशनधारियों को शिविर स्थल तक लाने में सक्रिय भूमिका निभाएं, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति इस प्रक्रिया से वंचित न रह जाए।

**बीडीओ करेंगे निगरानी, हर स्तर पर रहेगी सख्त मॉनिटरिंग**



शिविरों के संचालन और अनुश्रवण की जिम्मेदारी संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) को दी गई है। वे यह सुनिश्चित करेंगे कि शिविरों में सभी आवश्यक संसाधन और तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध हों तथा प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो।

**जिला स्तर पर सहायक निदेशक को निर्देश**

इस प्रमाणीकरण कार्य को शत-प्रतिशत पूरा करने के लिए जिला स्तर पर जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक अमरेश कुमार को शिविरों का भ्रमण कर मौके पर निगरानी और आवश्यक दिशा-निर्देश देने का निर्देश दिया गया है। वहीं, सीएससी के जिला प्रबंधक द्वारा वीएलई के कार्यों पर सतत नजर रखी जाएगी।

**पहले से चल रहा है प्रमाणीकरण, अब विशेष अभियान से मिलेगा तेजी**

गौरतलब है कि जीवन प्रमाणीकरण का कार्य 22 दिसंबर 2025 से ही सीएससी के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। इसके बावजूद कई पेंशनधारियों का प्रमाणीकरण लंबित रह गया था। अब इस विशेष अभियान के जरिए शेष सभी मामलों को तय समय सीमा में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

**प्रशासन की अपील—समय पर कराएं प्रमाणीकरण, पेंशन न हो बाधित**

जिला प्रशासन ने सभी पेंशनधारियों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों में अपने नजदीकी पंचायत शिविर में पहुंचकर अनिवार्य रूप से जीवन प्रमाणीकरण कराएं। इससे उनकी पेंशन निर्बाध रूप से जारी रहेगी।

**अभियान का उद्देश्य—हर जरूरतमंद तक पहुंचे योजना का लाभ**

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि जरूरतमंदों तक सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने का एक सशक्त प्रयास है। प्रशासन और समाज की संयुक्त भागीदारी से इस अभियान को सफल बनाने पर जोर दिया जा रहा है।

# विकसित भारत के निर्माण में कार्यकर्ता निभाएं सक्रिय भूमिका : विजय खेमका

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति बनने की ओर अग्रसर है:विधायक





**न्यूज स्केल पूर्णिया**

**■ पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ, संगठन की विचारधारा और कार्यपद्धति पर हुआ मंथन**

पूर्णिया विधानसभा अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत नगर मंडल पश्चिम भाग द्वारा आयोजित प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ मधुबनी राजेंद्र नगर स्थित भाजपा कार्यालय में सदर विधायक विजय खेमका ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मंडल अध्यक्ष गोपाल सिन्हा, अभ्यंम लाल, राजेश गोस्वामी, पंकज कुमारी सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

प्रशिक्षण वर्ग के दौरान विभिन्न वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए विधायक विजय खेमका ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति बनने की ओर अग्रसर है।

उन्होंने कहा कि अंत्योदय की भावना के साथ देश 'संकल्प से सिद्धि' की दिशा में आगे बढ़ रहा है और वैश्विक स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा निरंतर बढ़ रही है। भाजपा की पहचान सुशासन, पारदर्शिता और भरोसे की राजनीति से जुड़ी है, जो पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय, एकात्म मानव दर्शन और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के सिद्धांतों पर आधारित है।

विधायक खेमका ने कहा कि मजबूत राष्ट्रीय सुरक्षा, भ्रष्टाचार मुक्त शासन, डीबीटी और डिजिटल इंडिया जैसे कदमों ने देश को नई पहचान दी है। उन्होंने विपक्ष पर तुष्टिकरण और परिवारवाद की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा राष्ट्रहित और विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे संपर्क, समर्पण और सहयोग के मंत्र के साथ 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण वर्ग में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और विषय विशेषज्ञों ने विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

# एक दिन में 7936 सिलेंडर वितरित, 19 हजार से अधिक स्टॉक उपलब्ध : 277 शिकायतों का निष्पादन, शेष पर कार्रवाई जारी

**न्यूज स्केल पूर्णिया**



जिले में एलपीजी गैस को लेकर किसी भी प्रकार की कमी नहीं है और आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि उपभोक्ताओं को नियमित रूप से गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी की जा रही है। शनिवार को जिले भर में कुल 8965 उपभोक्ताओं द्वारा गैस सिलेंडर की मांग की गई, जिसके विरुद्ध 7936 सिलेंडरों का वितरण संबंधित एजेंसियों द्वारा किया गया। वहीं गैस एजेंसियों के पास अब भी 19 हजार से अधिक सिलेंडर स्टॉक में उपलब्ध हैं, जिससे आपूर्ति सुचारू बनी हुई है।

**निगरानी और छापेमारी जारी**

अपर समाहर्ता-सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी रविशंकर उरांव ने बताया कि जिले में गैस वितरण व्यवस्था पर लगातार नजर रखी जा रही है। विभिन्न क्षेत्रों में अधिकारियों द्वारा नियमित छापेमारी और निरीक्षण किया जा रहा है, ताकि कालाबाजारी और मुनाफाखोरी पर रोक लगाई जा सके।

**शिकायतों का त्वरित समाधान**

15 मार्च से अब तक एलपीजी गैस से संबंधित कुल 285 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 277 का निष्पादन कर दिया गया है। शेष 8 शिकायतों पर संबंधित एजेंसियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

**ग्रामीण और शहरी आपूर्ति का निर्धारित चक्र**

जिला प्रशासन के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में गैस आपूर्ति का चक्र लगभग 45 दिनों का निर्धारित है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह अवधि करीब 25 दिनों की है।

**अफवाहों से बचने की अपील**

जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और घबराहट में आकर गैस की बुकिंग न कराएं। नियमानुसार बुकिंग करने पर समय पर होम डिलीवरी की जा रही है।

**कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश**

जिलाधिकारी अंशुल कुमार के निर्देश पर प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि गैस की कालाबाजारी या मुनाफाखोरी करने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**शिकायत के लिए हेल्पलाइन जारी**

गैस से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या होने पर उपभोक्ता जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 06454-242319, 242317 और 242320 पर संपर्क कर सकते हैं। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि सभी शिकायतों का त्वरित समाधान किया जा रहा है।

**जनहित में प्रशासनिक संदेश**

जिला प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक खबरों से दूर रहें और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही विश्वास करें।

### झपट्टा मारकर भाग रहे दो चोर गिरफ्तार, मोबाइल व बाइक बरामद

बियाडा ओ0पी0 (मरंगा थाना) पुलिस ने कार्रवाई करते हुए झपट्टा मारकर भाग रहे दो चोरों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके पास से दो मोबाइल फोन एवं एक मोटरसाइकिल बरामद की है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान सन्नी कुमार एवं शिवम कुमार के रूप में हुई है। दोनों मरंगा वार्ड संख्या 08, थाना मरंगा, जिला पूर्णिया के निवासी बताए गए हैं।

पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी झपट्टा मारकर भागने की फिराक में थे, लेकिन तत्परता दिखाते हुए पुलिस टीम ने उन्हें धर दबोचा। मामले में अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# पूर्णिया में आईटीआई का नामांकन शुरू,छात्र 14 अप्रैल तक करें आवेदन

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

समाहरणालय पूर्णिया के जनसम्पर्क कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में सत्र 2026-27 एवं 2026-28 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 14 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

अभ्यर्थी बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद (बीसीईसीईबोर्ड) की आधिकारिक वेबसाइट www.bceceboard.bihar.gov.in पर जाकर ITI CAT-2026 विकल्प के माध्यम से पंजीयन कर सकते हैं। नामांकन




से पहले प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसमें सफल अभ्यर्थियों को मेरिट के आधार पर विभिन्न ट्रेड एवं जिलों में दाखिला दिया जाएगा।

जिले में कुल पांच सरकारी आईटीआई संचालित हैं, जिनमें एक राजकीय महिला आईटीआई पूर्णिया भी शामिल है। महिला आईटीआई के प्रभारी प्राचार्य अनिल कुमार ने बताया कि संस्थान में इलेक्ट्रिशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, आईसीटीएसएम, एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग (3डी प्रिंटिंग) तथा कंप्यूटर एडेड एम्ब्रॉयडरी एंड डिजाइनिंग जैसे पांच ट्रेड में प्रशिक्षण दिया जाता है।

संस्थान में छात्रावास, मेस, पूर्णतः वातानुकूलित कंप्यूटर लैब, पुस्तकालय, डिजिटल एवं स्मार्ट क्लास जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। प्रशिक्षण के बाद अप्रेंटिसशिप और प्लेसमेंट की भी व्यवस्था की जाती है, साथ ही छात्रवृत्ति का लाभ भी मिलता है।

**■ आईटीआई कैट-2026 के जरिए होगा चयन, महिला आईटीआई में आधुनिक सुविधाओं के साथ कई ट्रेड में प्रशिक्षण**

इसके अलावा, टाटा टेक के सहयोग से विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम भी संचालित किए जा रहे हैं, जिससे छात्रों को उद्योग के अनुरूप कौशल विकसित करने का अवसर मिलता है।

विशेष बात यह है कि दो वर्षीय आईटीआई कोर्स के साथ अभ्यर्थियों को इंटरमीडिएट स्तर का प्रमाण-पत्र भी प्राप्त करने का अवसर मिलता है, बशर्ते वे हिंदी एवं अंग्रेजी विषय की परीक्षा उत्तीर्ण करें। इससे आगे ग्रेजुएशन की राह भी खुल जाती है।

आईटीआई उत्तीर्ण करने के बाद विभिन्न कंपनियों द्वारा कैंपस सेलेक्शन एवं प्लेसमेंट सेल के माध्यम से रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराए जाते हैं। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी विभाग के टोल फ्री नंबर 18002965656 पर संपर्क कर सकते हैं। जिला प्रशासन ने सभी इच्छुक अभ्यर्थियों से समय पर आवेदन करने की अपील की है।

# पुलिस अधीक्षक ने कार्यालय का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के दिए निर्देश

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

शनिवार को पुलिस अधीक्षक पूर्णिया स्वीटी सेहरावत द्वारा पुलिस कार्यालय स्थित विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अभिलेखों की स्थिति, कार्यप्रणाली एवं कर्मियों की उपस्थिति का गहन जायजा लिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी शाखाओं में कार्यों का निष्पादन समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित किया जाए। पुलिस अधीक्षक ने विशेष



रूप से लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन, रिकॉर्ड के सुव्यवस्थित रख-रखाव तथा कार्यालय की साफ-सफाई पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आम जनता से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने कर्मियों को अनुशासन, जिम्मेदारी एवं बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने की हिदायत दी, ताकि पुलिस व्यवस्था और अधिक प्रभावी बन सके।

# एक साथ कैरियर और शिक्षा : राजकीय पॉलिटेक्निक पूर्णिया के 59 छात्रों को आनंद ग्रुप में मिला सुनहरा अवसर

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

राजकीय पॉलिटेक्निक पूर्णिया ने एक बार फिर प्लेसमेंट के क्षेत्र में शानदार उपलब्धि हासिल की है। संस्थान के 59 छात्रों का चयन देश की अग्रणी कंपनी आनंद ग्रुप में किया गया है, जिससे छात्रों में उत्साह का माहौल है। इस संबंध में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर प्रो. अमन कुमार राजन ने बताया कि चयनित छात्रों में 40 छात्र और 19 छात्राएं शामिल हैं। चयनित छात्रों को कंपनी की



गुरुग्राम और चेन्नई स्थित इकाइयों में DET (डिप्लोमा इंजीनियर ट्रेनी) के पद पर नियुक्त किया जाएगा। खास बात यह है कि नौकरी के साथ-साथ कंपनी इन छात्रों को बीटेक की पढ़ाई का भी अवसर प्रदान करेगी, जिससे उनका भविष्य और अधिक सशक्त बनेगा।

संस्थान के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए प्लेसमेंट सेल को बधाई दी। उन्होंने कहा कि राजकीय पॉलिटेक्निक पूर्णिया लगातार बेहतर प्लेसमेंट के

**■ राजकीय पॉलिटेक्निक पूर्णिया मे नौकरी के साथ बीटेक की पढ़ाई, 40 छात्र और 19 छात्राओं का प्लेसमेंट के जरिये चयन**

लिए प्रयासरत है और छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली तकनीकी शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस सफलता ने न केवल संस्थान की प्रतिष्ठा को बढ़ाया है, बल्कि आने वाले छात्रों के लिए भी नए अवसरों के द्वार खोल दिए हैं।

# जिला शिक्षा पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन, पवन कुमार जायसवाल ने उठाए कई अहम मुद्दे

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

जिले में विशिष्ट शिक्षक, विद्यालय अध्यापक एवं प्रधान शिक्षकों को वित्तीय उन्नयन का लाभ देने की मांग एक बार फिर तेज हो गई है। इस संबंध में शिक्षक संगठनों की ओर से जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक को लिखित आवेदन सौंपकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई है।

आवेदन मे कहा गया है कि वर्ष 2012 की नियमावली



(संशोधित 2020) के प्रावधानों के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद 12 वर्षों की संतोषजनक सेवा पूर्ण करने पर शिक्षकों को वित्तीय उन्नयन एवं कालबद्ध प्रोन्नति का लाभ दिया जाना निर्धारित है। इसके बावजूद अब तक जिले में कई शिक्षकों को इस सुविधा का लाभ नहीं मिल पाया है, जिससे उनमें असंतोष व्याप्त है।

आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि पूर्व में संबंधित विभाग द्वारा सभी नियोजन इकाइयों एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए जा चुके हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर उसका प्रभाव नहीं दिख रहा है। इसी के साथ शिक्षकों के लंबित एरियर भुगतान, वेतन संरक्षण, वेतन कटौती की भरपाई तथा रोके गए वेतन के शीघ्र भुगतान की भी मांग की गई है।

इसके अलावा, मार्च माह के वेतन का अविलंब भुगतान सुनिश्चित करने और विद्यालय संचालन को प्रातःकालीन पाली में करने पर भी जोर दिया गया है। इस दौरान जिला कोषाध्यक्ष घनानंद मंडल, सचिव राजाराम पासवान, दिलीप कुमार, उपाध्यक्ष सतीश कुमार, रंजन कुमार, नीरज कुमार, नगर अध्यक्ष अभिषेक पंकज सहित कई शिक्षक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बेटियों के कौशल विकास हेतु सांसद पप्पू यादव ने केंद्र सरकार से की पूर्णिया में एकलव्य छात्रावास की मांग

## अत्यंत पिछड़े, दलित और गरीब परिवारों के लिए यह पहल सामाजिक परिवर्तन का आधार बन सकती है: सांसद

**न्यूज स्केल पूर्णिया,**



**सांसद ने कहा - पिछड़े, दलित, एससी, एसटी और ईबीसी वर्ग की बेटियों को शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से सशक्त बनाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।**

जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना, मिनिस्ट्री ऑफ ट्राइबल अफेयर्स सहित 17 मंत्रालयों की 25 पहलों को लेकर चर्चा के बीच पूर्णिया में एकलव्य छात्रावास ब्लॉक की मांग पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव उठाई। उन्होंने कहा कि पिछड़े, दलित, एससी, एसटी और ईबीसी वर्ग की बेटियों को शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से सशक्त बनाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने विशेष रूप से सीमांचल और कोसी क्षेत्र में ऐसी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की जरूरत बताई।

सांसद पप्पू यादव ने कहा कि बड़ी संख्या में गरीब परिवारों की बेटियाँ 10वीं या 11वीं कक्षा के बाद आर्थिक और सामाजिक कारणों से पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो जाती हैं। ऐसे में यदि पूर्णिया सहित सीमांचल क्षेत्र में एकलव्य छात्रावास ब्लॉक की स्थापना होती है, तो इन छात्राओं को सुरक्षित आवास, बेहतर शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण का अवसर मिल सकेगा। इससे बेटियों को आत्मनिर्भर बनने का रास्ता मिलेगा।

उन्होंने सवाल उठाया कि जब सरकार झारखंड, सीमांचल, कोसी और बेतिया जैसे अत्यंत पिछड़े क्षेत्रों को प्राथमिकता देने की बात कर रही है, तो क्या यहां एकलव्य छात्रावास और कौशल विकास केंद्र स्थापित करने की ठोस योजना है। उन्होंने कहा कि अत्यंत पिछड़े, दलित और गरीब परिवारों के लिए यह पहल सामाजिक परिवर्तन का आधार बन सकती है।

सांसद पप्पू यादव ने आदिवासी बहुल इलाकों में खेल स्टेडियम, छात्रावास और कौशल विकास केंद्र स्थापित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि यदि बेटियों को शिक्षा, खेल और हुनर से जोड़ा जाए, तो वे न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना के तहत पूर्णिया और सीमांचल क्षेत्र को प्राथमिकता देते हुए एकलव्य छात्रावास ब्लॉक, कौशल विकास योजना और खेल अवसंरचना की स्वीकृति जल्द दी जाए, ताकि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक विकास का लाभ पहुंच सके।

# विद्यालयों के समग्र विकास पर विधायक खेमका का जोर, मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

## विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का दिया संदेश

**न्यूज स्केल पूर्णिया,**

**▪ प्रबंध समिति की बैठकों में शैक्षणिक माहौल, बुनियादी सुविधाओं और लंबित विकास कार्यों पर हुई चर्चा, "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत वृक्षारोपण**




सदर विधायक विजय खेमका ने शनिवार को भट्ठा दुर्गाबाड़ी स्थित पीएम श्री बीबीएम उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्रबंध समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए विद्यालयों के समग्र विकास पर विशेष जोर दिया। बैठक में शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने तथा छात्र-छात्राओं को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान समिति के सदस्यों ने विद्यालय के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण सुझाव विधायक के समक्ष रखे। विधायक खेमका ने इंटर एवं मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिला टॉपर छात्र यशराज सहित अन्य मेधावी छात्र-छात्राओं को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में बेहतर शैक्षणिक माहौल बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, स्वच्छता, शौचालय, खेल मैदान एवं पेयजल व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।

इसके उपरांत विधायक खेमका ने पूर्णिया सिटी आरपीसी उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्रबंध समिति की बैठक में भी भाग लिया। यहां विद्यालय के लंबित विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने प्रधानाचार्य को परिसर के पक्कीकरण कार्य का प्राकलन तैयार करने का निर्देश दिया।

बैठकों में प्रधानाचार्य ममता कुमारी, नाईमूल हक, संजय मोहन प्रभाकर, संजय सिंह, नूतन कुमारी, शाहिद राजा, अशोक सिंह, काशी जी, प्रमोद केसरी, मुकेश मिश्रा सहित कई शिक्षकगण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर विधायक ने "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत सिटी विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश भी दिया।

# सम्मान : गणेशपुर पंचायत में प्रतिभा का उत्सव, 29 टॉपर छात्र-छात्राएं सम्मानित

## मैट्रिक के 13 व इंटर के 16 मेधावियों को मिला मेडल व प्रशस्ति पत्र,

**न्यूज स्केल केनगर**



कृत्यानंद नगर प्रखंड अंतर्गत आदमपुर गांव स्थित गणेशपुर पंचायत भवन परिसर शनिवार को प्रतिभा और उत्साह के रंग में रंगा नजर आया। पंचायत के मुखिया अंजनी कुमार पासवान की पहल पर आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में वर्ष 2026 के पंचायत स्तरीय मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट के कुल 29 टॉपर छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह का उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को प्रोत्साहित कर उन्हें उच्च शिक्षा एवं बेहतर भविष्य के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी आशीष कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में संसाधनों की कमी के बावजूद यहां के छात्र-छात्राएं अपनी मेहनत और लगन से सफलता की नई इबारत लिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के प्रति समर्पण ही सफलता की असली कुंजी है और यही समर्पण इन बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की राह प्रशस्त करेगा। उन्होंने सभी सम्मानित छात्रों को आगे की पढ़ाई में निरंतरता बनाए रखने और उच्च पदों को लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए संयम, अनुशासन और कड़ी मेहनत बेहद जरूरी है। उन्होंने छात्रों को निरंतर प्रयास करते रहने और चुनौतियों से घबराने के बजाय उनका डटकर सामना करने की सीख दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुखिया अंजनी कुमार पासवान ने कहा कि मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट में उत्कृष्ट प्रदर्शन छात्रों के करियर की मजबूत नींव है। उन्होंने बच्चों को प्रारंभिक सफलता को बनाए रखते हुए लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने, नियमित अभ्यास करने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। साथ ही सभी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

समारोह में मैट्रिक के 13 एवं इंटरमीडिएट (आर्ट्स और साइंस) के 16 टॉपर छात्र-छात्राओं को क्रमवार सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पंचायत के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, अभिभावक एवं समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विकास पासवान, आफताब आलम, पिंटू कुमार, भानू कुमार, अमरेश पासवान तथा कार्यपालक सहायक रूपा कुमारी सहित कई गणमान्य लोगों की सक्रिय भागीदारी रही। पूरे आयोजन का माहौल प्रेरणादायक रहा, जिसने न सिर्फ सम्मानित छात्रों का उत्साह बढ़ाया, बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी एक सकारात्मक संदेश दिया।

# भक्ति में डूबा कसबा: 48 घंटे का अखंड संकीर्तन श्रद्धा के साथ सम्पन्न

**न्यूज स्केल कसबा**

**▪ आर्य नगर हाट में "हरे राम-हरे कृष्ण" के जयघोष से गूंजा वातावरण, हवन-पूजन व महाप्रसाद वितरण के साथ हुआ समापन**



नगर परिषद कसबा के वार्ड संख्या 17 स्थित आर्य नगर हाट में आयोजित 48 घंटे का अखंड संकीर्तन (अष्टयाम) शनिवार को श्रद्धा, आस्था और भक्ति के माहौल में सम्पन्न हो गया। दो दिनों तक चले इस धार्मिक आयोजन के दौरान "हरे राम हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे" के अखंड जाप से पूरा क्षेत्र भक्तिमय बना रहा।

अष्टयाम के दौरान लगातार भजन-कीर्तन, रामधुन एवं विधिवत पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भक्ति रस का आनंद लिया। आसपास के क्षेत्रों से भी सैकड़ों श्रद्धालु कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे।

समापन के अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन किया गया, जिसके पश्चात श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। प्रसाद ग्रहण कर लोगों ने पुण्य लाभ प्राप्त किया।

आयोजन समिति के सदस्य एवं बालू टोल निवासी अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष बमबम साह ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन से क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि एवं आपसी भाईचारा बढ़ता है। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों, युवाओं और महिलाओं के सक्रिय सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

स्थानीय कार्यकर्ताओं की भूमिका भी सराहनीय रही, जिनके सहयोग से आयोजन सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सका।

# देशी कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार

**न्यूज स्केल केनगर**

के0नगर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर सख्ती का संदेश गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक अवैध हथियार के साथ क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद के0नगर थाना की पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए छापेमारी की और मौके से एक देशी कट्टा एवं चार खोखा के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार युवक की पहचान नीरज कुमार (19 वर्ष), पिता मनोज साह, निवासी परोरा वार्ड संख्या 16, थाना के0नगर, जिला पूर्णिया के रूप में की गई है।

पुलिस द्वारा आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि हथियार कहां से लाया गया और इसका इस्तेमाल किन गतिविधियों में किया जाना था। थाना पुलिस ने बताया कि मामले में अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई को लेकर स्थानीय लोगों ने पुलिस की सक्रियता की सराहना की है।

# रूपौली के गोरियर पूर्व पंचायत में जेंडर फोरम गठन की तैयारी, पंचायत से वार्ड स्तर तक संगठन विस्तार का निर्णय

**न्यूज स्केल रूपौली**



रूपौली प्रखंड क्षेत्र के गोरियर पूर्व पंचायत स्थित पंचायत भवन में शनिवार को जीविका दीदियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पंचायत की मुखिया आरती देवी ने की। इस दौरान जेंडर फोरम की संरचना एवं उसके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि इस संगठन का विस्तार प्रखंड से लेकर पंचायत एवं वार्ड स्तर तक किया जाएगा, जिसमें मुख्य रूप से पंचायत की जीविका दीदियां सदस्य होंगी। जेंडर फोरम का उद्देश्य महिला उत्पीड़न, बाल विवाह, बाल मजदूरी, घरेलू हिंसा तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़े मुद्दों पर पंचायत स्तर पर समन्वय स्थापित कर समाधान सुनिश्चित करना है।

इस पहल के तहत रूपौली प्रखंड मुख्यालय में 'दीदी अधिकार केंद्र' की स्थापना भी की गई है, जो महिलाओं से जुड़े मामलों के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बैठक में आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका, शिक्षक, वार्ड सदस्य, जनप्रतिनिधि, पुलिस प्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया गया।

मुखिया आरती देवी ने कहा कि पंचायत को सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ संगठित होकर प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में सरपंच निर्मला देवी, सेविका कल्पना देवी, वार्ड सदस्य सरिता देवी, शबनम भारती, अनीता देवी, आशा उर्वशी कुमारी, सीएलएफ अध्यक्ष निशा देवी, कुमारी सुषमा रमन, शिक्षिका रेनू कुमारी, पूजा कुमारी, सीआरपी कंचन कुमारी समेत कई जीविका दीदी एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रौटा थाना में जनता दरबार का आयोजन, 07 में 06 मामलों का हुआ निष्पादन

**न्यूज स्केल बैसा**



अंचल मुख्यालय में जनता दरबार का आयोजन थाना अध्यक्ष कुमार कुणाल सौरव और प्रखंड विकास पदाधिकारी राज कुमार चौधरी के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान जनता की समस्याओं को सुनकर उनका निवारण किया गया। जनता दरबार में कुल 07 मामले आए। जिनमें से सभी 06 मामलों का निष्पादन किया गया। जनता दरबार में मौजूद पु अनि - समीर कुमार पाण्डेय ने कहा कि आम जनता की समस्याओं को सुनना और उनका समाधान करना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जनता दरबार के माध्यम से हम लोगों की समस्याओं को जानकर उनका निष्पादन कर रहे हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी राज कुमार चौधरी ने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करना है। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि जनता की समस्याओं का निष्पादन जल्द से जल्द किया जाए। जनता दरबार में आए लोगों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को अपनी समस्याओं से अवगत कराया, जिसके बाद अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए समस्याओं का निवारण किया। जनता दरबार के आयोजन से आम जनता में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है। इस दौरान मुख्य रूप से - , सी आई - महबुब आलम, आदि मौजूद थे।

# धमदाहा कॉलेज में संस्थापक सचिव प्रमोद नारायण चंद की 14वीं पुण्यतिथि मनाई गई

**न्यूज स्केल धमदाहा,**



वीर नारायण चंद महाविद्यालय, धमदाहा में शनिवार को संस्थापक सचिव स्वर्गीय प्रमोद नारायण चंद की 14वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में उनके तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थापक सचिव के बड़े पुत्र शिखर चंद एवं महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रोफेसर शब्बीर आलम द्वारा तैलचित्र पर माल्यार्पण से हुई। इसके बाद उपस्थित सभी प्राध्यापकों, स्नातक एवं स्नातकोत्तर कर्मियों ने बारी-बारी से पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य प्रो. शब्बीर आलम एवं परीक्षा नियंत्रक प्रो. मनीष कुमार सिंह ने स्वर्गीय प्रमोद नारायण चंद के योगदान को विस्तार से याद किया। उन्होंने कहा कि चंद ने शिक्षा के प्रसार के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके प्रयासों से ही 15 अगस्त 1983 को वीर नारायण चंद महाविद्यालय की स्थापना संभव हो सकी, जिससे क्षेत्र में उच्च शिक्षा का मार्ग प्रशस्त हुआ। वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय चंद का जीवन समाज और शिक्षा के प्रति समर्पण का प्रतीक रहा है। उनके द्वारा किए गए कार्य आज भी नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। कार्यक्रम में प्रोफेसर अनुराग कश्यप, प्रो. विमल कुमार सिंह, प्रो. अनुराग कुमार, प्रो. जीवन कुमार सिंह, प्रो. अशोक कुमार, प्रो. सुनीता झा, प्रो. सुजाता कुमारी, प्रो. कुमोद कुमार मिश्रा, वरीय लिपिक सुमन कुमार चौधरी, अजेन्द्र कुमार, मधुलिका कुमारी, कसम जमीर सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जनता दरबार में नौ मामले की हुई सुनवाई चार का किया गया निष्पादन

**न्यूज स्केल केनगर**



विवाद एवं अन्य समस्या के समाधान को लेकर केनगर प्रखंड मुख्यालय स्थित सदभावना सभागार परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया गया। आयोजित जनता दरबार की अध्यक्षता राजस्व अधिकारी सह प्रभारी सीओ भवेश कुमार सिंह एवं केनगर थाना पुलिस पदाधिकारी मधु कुमारी तथा राजस्व कर्मचारी के बदले अंचल तकनीकी सहायक भूषण कुमार एवं चम्पानगर थाना पुलिस पदाधिकारी मो0 मुसर्रफ द्बारा संयुक्त रूप से किया गया।प्रभारी सीओ भवेश कुमार सिंह ने बताया नये पुराने सहित कुल 9 मामलों में से 4 मामले का निष्पादन किया गया। शेष मामले की सुनवाई अगली तिथि को की जाएगी।

निष्पादित मामले के पक्षकारों को पुलिस पदाधिकारी मधु कुमारी एवं मो0 मुसर्रफ ने निर्देश दिया कि समझोते के विरुद्ध किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न नहीं करेंगे और कि शांति भंग होने की स्थिति में जांच में दोषी पाए जाने वाले पक्षकार के विरूद्ध एक पक्षीय कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस मुठभेड़ : बेगूसराय-दरभंगा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई लूट कांड का खुलासा : 6 अपराधी गिरफ्तार,

## हथियार व लूट का सामान बरामद, एक अपराधी घायल; ज्वेलर्स लूट सहित कई मामलों का हुआ पर्दाफाश








**न्यूज स्केल बेगूसराय**

बेगूसराय के मंसूरचक थाना क्षेत्र के दशरथपुर गांव में बेगूसराय पुलिस, दरभंगा पुलिस एवं एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में ज्वेलर्स लूट कांड का बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद 6 अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक अपराधी घायल हो गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने एक देसी पिस्टल, एक देसी कट्टा, 9 गोलियां, 3 मोटरसाइकिल, 4 मोबाइल फोन एवं चांदी के आभूषण बरामद किए हैं।

**सूचना पर बनी रणनीति, गांव में घेराबंदी**

पुलिस को सूचना मिली थी कि दरभंगा नगर थाना के प्रेम ज्वेलर्स लूट कांड से जुड़े अपराधी दशरथपुर गांव में एकत्र होकर लूट के सामान को ठिकाने लगाने की तैयारी में हैं। सूचना मिलते ही बेगूसराय, दरभंगा पुलिस एवं एसटीएफ की टीम गठित कर गांव में छापेमारी की गई और संदिग्ध ठिकानों की घेराबंदी की गई।

> घायल अपराधी मंगल कुमार ने बताया कि 24 मार्च को बेगूसराय जिले के तेघड़ा थाना क्षेत्र स्थित एक बैंक से अपने साथियों के साथ करीब 2 लाख रुपये की लूट की घटना को भी अंजाम दिया था।

**पुलिस पर फायरिंग, जवाबी कार्रवाई में एक घायल**

घेराबंदी के दौरान खुद को घिरता देख अपराधियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एक अपराधी मंगल कुमार घायल हो गया। इसके बाद पुलिस ने मौके से कुल 6 अपराधियों को दबोच लिया।

**पूछताछ में कई वारदातों का खुलासा**

गिरफ्तार अपराधियों ने पूछताछ में ज्वेलर्स लूट कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। साथ ही घायल अपराधी मंगल कुमार ने बताया कि 24 मार्च को बेगूसराय जिले के तेघड़ा थाना क्षेत्र स्थित एक बैंक से अपने साथियों के साथ करीब 2 लाख रुपये की लूट की घटना को भी अंजाम दिया था।

> कार्रवाई के दौरान पुलिस ने एक देसी पिस्टल, एक देसी कट्टा, 9 गोलियां, 3 मोटरसाइकिल, 4 मोबाइल फोन एवं चांदी के आभूषण बरामद किए हैं।

**घटनास्थल पर पहुंचे एसपी, FSL टीम जांच में जुटी**

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक बेगूसराय मौके पर पहुंचे और कैंप कर पूरे ऑपरेशन की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। वहीं एफएसएल टीम द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। पुलिस द्वारा आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

**गिरफ्तार अपराधियों की पहचान**

गिरफ्तार आरोपियों में मंगल कुमार, अविनाश कुमार, गौतम कुमार, विक्की कुमार, आर्यन कुमार एवं पवन झा शामिल हैं। सभी का आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है, जिसमें कई संगीन मामलों में संलिप्तता सामने आई है।

**बरामदगी से पुलिस को बड़ी सफलता**

इस कार्रवाई को पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है। बरामद हथियार, वाहन और आभूषण से न केवल ज्वेलर्स लूट कांड का खुलासा हुआ है, बल्कि अन्य आपराधिक घटनाओं की कड़ियां भी जुड़ने लगी हैं।

निष्कर्ष:

बेगूसराय पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से एक बड़े आपराधिक गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। इस ऑपरेशन ने जिले में बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने की दिशा में एक मजबूत संदेश दिया है।

# शहरी विकास योजनाओं में तेजी लाने का निर्देश, डीएम ने की समीक्षा बैठक

**न्यूज स्केल बेगूसराय,**



जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभागार में जिले के सभी नगर निकायों एवं बुडको (BUDCO) द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम बेगूसराय के नगर आयुक्त सोमेश बहादुर माथुर, सभी नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी तथा बुडको के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान शहरी विकास से जुड़ी विभिन्न योजनाओं—जैसे जलापूर्ति, सीवरेज, नाला निर्माण, सड़क मरम्मत एवं शहरी आधारभूत संरचना विकास—की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने कार्यों की धीमी गति पर चिंता जताते हुए संबंधित पदाधिकारियों को योजनाओं में तेजी लाने तथा निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन गुणवत्ता के साथ हो तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने, फील्ड विजिट बढ़ाने और कार्यों की प्रगति की सतत समीक्षा सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही आमजन को बेहतर शहरी सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया।

**लंबित योजनाओं पर विशेष फोकस**

बैठक में कई लंबित परियोजनाओं को लेकर भी चर्चा की गई। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन योजनाओं में तकनीकी या प्रशासनिक बाधाएं आ रही हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए और कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाए।

**जनसुविधाओं में सुधार की प्राथमिकता**

डीएम ने स्पष्ट किया कि सरकार की प्राथमिकता शहरी क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल, बेहतर सड़क, जल निकासी व्यवस्था और साफ-सफाई सुनिश्चित करना है। इसके लिए नगर निकायों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की आवश्यकता है।

**समन्वय से बेहतर परिणाम की उम्मीद**

बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि नगर निकाय एवं बुडको के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर योजनाओं को गति दी जाए, ताकि विकास कार्यों का लाभ आम नागरिकों तक जल्द पहुंच सके।

बैठक के अंत में जिला पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए बेगूसराय को एक स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं विकसित शहर बनाने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

# खगड़िया पुलिस ने में हथियार तस्कर को दबोचा , देशी पिस्टल व कट्टा बरामद

**न्यूज स्केल खगड़िया,**

**» मड़ैया थाना पुलिस की कार्रवाई, गुप्त सूचना पर छापेमारी कर आरोपी दबोचा**



> खगड़िया पुलिस ने साफ संकेत दिया है कि अवैध हथियारों और तस्करों के खिलाफ अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा।

जिले में अवैध हथियार तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मड़ैया थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक देशी पिस्टल और एक देशी कट्टा बरामद किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 4 अप्रैल को मड़ैया थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के मड़ैया वार्ड संख्या-09 स्थित एक घर में अवैध हथियार रखा गया है।

सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से भोला चौरसिया को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी पिस्टल और एक देशी कट्टा बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी मड़ैया वार्ड संख्या-09 का ही निवासी बताया जा रहा है।

इस संबंध में परबत्ता (मड़ैया) थाना में कांड संख्या-141/26 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा के तहत आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

छापेमारी दल में मड़ैया थाना की सहायक अवर निरीक्षक सावित्री कुमारी और अवर निरीक्षक वेचन सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस की इस कार्रवाई को अवैध हथियारों के खिलाफ चल रही मुहिम में एक अहम सफलता माना जा रहा है।

# युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल, DRCC ने चलाया जागरूकता अभियान

**न्यूज स्केल बेगूसराय,**



जिला पदाधिकारी श्री श्रीकांत शास्त्री के निर्देश के आलोक में जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र (DRCC) द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से शनिवार को 10+2 उत्क्रमित उच्च विद्यालय, बीरपुर में जागरूकता एवं काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं को बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना एवं कुशल युवा कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने योजनाओं के तहत मिलने वाले लाभ, पात्रता मानदंड एवं आवेदन प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया, ताकि अधिक से अधिक युवा इनका लाभ उठा सकें।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं अन्य कर्मियों की उपस्थिति में छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता, कौशल विकास के अवसर और रोजगार से जुड़ने के विभिन्न विकल्पों के बारे में जागरूक किया गया।

**उद्देश्य पर विशेष जोर**

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को शिक्षा एवं रोजगार के बेहतर अवसरों से जोड़ते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना था। अधिकारियों ने छात्रों से अपील की कि वे सरकार की इन योजनाओं का लाभ उठाकर अपने भविष्य को सशक्त बनाएं।

कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने योजनाओं के प्रति उत्साह दिखाते हुए कई प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा संतोषजनक जवाब दिया गया।

# छात्र-छात्राओं को सशक्त बनाने की पहल : सदानंदपुर विद्यालय में "सखी वार्ता" कार्यक्रम आयोजित

**न्यूज स्केल बेगूसराय,**

**» कैरियर काउंसलिंग के साथ बाल विवाह, पोक्सो और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ पर दी गई अहम जानकारी**



महिला सशक्तिकरण और किशोरियों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास निगम, बेगूसराय के अंतर्गत संचालित जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन द्वारा शनिवार को राजकीयकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सदानंदपुर में "सखी वार्ता" जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही।

कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए कैरियर काउंसलिंग सत्र आयोजित किया गया, जिसमें उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में भविष्य की संभावनाओं, उच्च शिक्षा के विकल्पों तथा लक्ष्य निर्धारण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वक्ताओं ने छात्रों को अपने रुचि और क्षमता के अनुरूप करियर चुनने के लिए प्रेरित किया।

इसके साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कानूनों की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006, पोक्सो अधिनियम, 2012 तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि इन कानूनों का उद्देश्य बच्चों और महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करना तथा उनके अधिकारों की रक्षा करना है।

वक्ताओं ने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने, शिक्षा को प्राथमिकता देने और किसी भी प्रकार के शोषण या उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। वहीं छात्रों को भी समाज में समानता और सम्मान की भावना विकसित करने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोर-किशोरियों को उनके अधिकारों, सुरक्षा एवं सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना था। अंत में सभी छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं और उन्हें एक जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक के रूप में समाज में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

**स्थानीय स्तर पर जागरूकता अभियान तेज**

जिला प्रशासन और संबंधित विभागों द्वारा इन दिनों स्कूलों और पंचायत स्तर पर ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन लगातार किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक युवाओं तक सरकारी योजनाओं और उनके अधिकारों की जानकारी पहुंच सके। इससे समाज में बाल विवाह, लैंगिक भेदभाव और अपराधों पर रोक लगाने में भी मदद मिल रही

# भागलपुर में एलपीजी आपूर्ति पर प्रशासन की कड़ी नजर, 24 घंटे संचालित कंट्रोल रूम

**न्यूज स्केल बेगूसराय,**



भागलपुर, 4 अप्रैल 2026 — जिले में एलपीजी गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी स्वयं गैस एजेंसियों के कार्यों की दैनिक निगरानी कर रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध हो रही है।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुधीर कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि भागलपुर जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति नियमित रूप से की जा रही है। शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के उपभोक्ताओं के लिए गैस वितरण का समय निर्धारित किया गया है, जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं हो रही है।

उन्होंने बताया कि उपभोक्ता ऑनलाइन माध्यम से गैस की बुकिंग कर रहे हैं और सभी वितरक एजेंसियां घर-घर होम डिलीवरी के जरिए सिलेंडर पहुंचा रही हैं। इस सुव्यवस्थित व्यवस्था के कारण जिला नियंत्रण कक्ष में शिकायतें अब नगण्य रह गई हैं।

जिला प्रशासन द्वारा प्राप्त शिकायतों का भी त्वरित निपटारा किया जा रहा है। इसके लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं, ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

जिले में कुल 58 एलपीजी गैस एजेंसियां कार्यरत हैं, जिनमें इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (IOCL) के 33, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (HPCL) के 16 तथा भारत गैस (BRCL) के 9 स्थानीय वितरक शामिल हैं।

जिलाधिकारी के निर्देश पर सभी गैस कंपनियों के क्षेत्रीय प्रबंधकों, अनुमंडल पदाधिकारियों तथा प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों के साथ प्रतिदिन आपूर्ति की समीक्षा की जा रही है। इससे पूरी व्यवस्था पर लगातार निगरानी बनी हुई है।

उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए जिला नियंत्रण कक्ष 24 घंटे संचालित किया जा रहा है। किसी भी प्रकार की शिकायत के लिए उपभोक्ता दूरभाष संख्या 0641-2402871 पर संपर्क कर सकते हैं। प्रशासन का दावा है कि शिकायतों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, अररिया में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न, विकास व स्वच्छता पर दिए गए निर्देश

## जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में हुई महत्वपूर्ण बैठक

**न्यूज़ स्केल अररिया,**



पीएम केंद्रीय विद्यालय, अररिया में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता विनोद दूहन (जिला पदाधिकारी, अररिया) ने की। बैठक में समिति के सभी सम्मानित सदस्यों की उपस्थिति रही, जिससे चर्चा को व्यापक और प्रभावी दिशा मिली। इस अवसर पर विद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई।

**विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति** बैठक में अनिल कुमार झा (अपर समाहर्ता), आर. डी. पासवान (प्राचार्य, अररिया कॉलेज), के. के. कश्यप (जिला चिकित्सा पदाधिकारी), सुबोध कुमार (सहायक निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग), यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंधक अमन कुमार राय सहित कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। साथ ही एसएसबी 52वीं बटालियन के उप कमांडेंट आनंद प्रकाश यादव एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति भी शामिल हुए।

**वित्तीय, शैक्षणिक एवं स्वच्छता संबंधी निर्देश** जिला पदाधिकारी ने पीएम श्री अनुदान की राशि का व्यय नियमों के अनुरूप करने का निर्देश दिया। साथ ही "एक पेड़ मां के नाम" कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से आयोजित करने पर जोर दिया गया। उन्होंने कार्यपालक पदाधिकारी को नियमित रूप से कचरा संग्रहण वाहन विद्यालय भेजने का निर्देश भी दिया, जिससे स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ हो सके।

**निरीक्षण के दौरान छात्रों से संवाद और सराहना**: बैठक के बाद जिला पदाधिकारी ने विद्यालय के गणित प्रयोगशाला एवं पुस्तकालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षाओं में जाकर छात्र-छात्राओं से संवाद किया और उनके उत्साह को बढ़ाया। विद्यालय में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं को संतोषजनक बताते हुए उन्होंने समग्र शैक्षणिक वातावरण की सराहना की तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**विद्यालय प्राचार्य द्वारा अतिथियों का स्वागत**:कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद विद्यालय के प्राचार्य कुमार राघवेंद्र ने सभी अतिथियों एवं समिति सदस्यों का औपचारिक स्वागत किया। बैठक में विद्यालय की उपलब्धियों, संसाधनों तथा भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

## अररिया में नि :शुल्क स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम, 20 अप्रैल तक आवेदन

जिला पदाधिकारी अररिया के दिशा-निर्देश के आलोक में भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (RSETI), अररिया द्वारा युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से निःशुल्क स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 1 मई 2026 से प्रारंभ होगा। इच्छुक अभ्यर्थी 20 अप्रैल 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करना है।

**विभिन्न ट्रेडों में मिलेगा प्रशिक्षण**: इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत फुटवियर डिजाइनिंग एंड डेवलपमेंट, इलेक्ट्रिसिटी, प्लंबिंग और कारपेंटर जैसे व्यावसायिक कोर्स शामिल हैं। इन कोर्सों के माध्यम से प्रतिभागियों को तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव भी प्रदान किया जाएगा, ताकि वे स्वयं का रोजगार शुरू कर सकें या बेहतर आजीविका के अवसर प्राप्त कर सकें।

**व्यक्तित्व विकास व नि :शुल्क सुविधाएं**: प्रशिक्षण के दौरान योग एवं व्यक्तित्व विकास से जुड़े विशेष सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। चयनित अभ्यर्थियों को निःशुल्क भोजन एवं छात्रावास की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को कोई परेशानी न हो। अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक दोनों प्रकार का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### आवेदन की शर्तें व प्रक्रिया




प्रशिक्षण के लिए अभ्यर्थी का अररिया जिले का निवासी होना आवश्यक है और न्यूनतम साक्षर होना चाहिए। बीपीएल कार्डधारियों को प्राथमिकता दी जाएगी। आवेदन के साथ आधार कार्ड, तीन पासपोर्ट साइज फोटो, जाति प्रमाण पत्र एवं निवास प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। इच्छुक अभ्यर्थी RSETI, अररिया कार्यालय में 20 अप्रैल 2026 तक आवेदन जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

# किशनगंज में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता, 7083 से अधिक सिलेंडर स्टॉक :जिला प्रशासन

**न्यूज़ स्केल किशनगंज,**



किशनगंज जिले में एलपीजी गैस की उपलब्धता को लेकर उठ रही आशंकाओं के बीच जिला प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था पूरी तरह सामान्य है। जिलाधिकारी विशाल राज ने बताया कि जिले में पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं और किसी प्रकार की कमी नहीं है।

**पर्याप्त स्टॉक और होम डिलीवरी व्यवस्था** :जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि वर्तमान में जिले में 7083 से अधिक गैस सिलेंडरों का स्टॉक उपलब्ध है। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए होम डिलीवरी व्यवस्था को सुचारू रूप से लागू कर दिया गया है, जिससे लोगों को गैस एजेंसी तक जाने की आवश्यकता नहीं होगी। उपभोक्ता घर बैठे बुकिंग कर सकते हैं और उन्हें 2 से 3 दिनों के भीतर सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है।

**कालाबाजारी पर सख्ती** कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए धावा दल द्वारा नियमित छापेमारी की जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शिकायत मिलने पर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**कंट्रोल रूम से शिकायतों का समाधान**; जनसुविधा के लिए जिला प्रशासन ने कंट्रोल रूम स्थापित किया है, जो सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक दो पालियों में संचालित हो रहा है। कंट्रोल रूम का नंबर 06456-225152 जारी किया गया है। आज एलपीजी से संबंधित दो शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनका त्वरित निष्पादन कर दिया गया। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी समस्या के लिए कंट्रोल रूम से संपर्क करें।




**बुकिंग की समय-सीमा निर्धारितः** डीएम ने बताया कि आपूर्ति व्यवस्था को संतुलित बनाए रखने के लिए शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए 25 दिनों तथा ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए 45 दिनों के बाद पुनः बुकिंग की समय-सीमा तय की गई है। इससे वितरण में पारदर्शिता और समानता सुनिश्चित की जा रही है।

# कटिहार में एलपीजी गैस की आपूर्ति सामान्य, अफवाहों पर ध्यान न दें : डीएसओ

**न्यूज़ स्केल कटिहार,**



कटिहार में एलपीजी गैस आपूर्ति को लेकर फैल रही अफवाहों के बीच जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में गैस की उपलब्धता पर्याप्त है और आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य रूप से संचालित हो रही है। मध्य पूर्व में चल रहे विवाद के कारण उत्पन्न आशंकाओं को निराधार बताते हुए प्रशासन ने आमजन से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।

**पर्याप्त भंडार और सुचारू वितरण** : जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुशील कुमार ने जानकारी दी कि कटिहार जिले के तीनों अनुमंडल क्षेत्रों में एलपीजी गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है। जिले में कुल 54 गैस डिस्ट्रीब्यूटर्स के पास वर्तमान में 13,862 घरेलू गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं। आपूर्ति व्यवस्था नियमित रूप से जारी है और किसी प्रकार की कमी नहीं है।

**बुकिंग के अनुरूप हो रही आपूर्ति** :प्रशासन के अनुसार 3 अप्रैल 2026 को कुल 5,890 बुकिंग के मुकाबले 5,270 गैस सिलेंडरों की आपूर्ति उपभोक्ताओं को की गई। इससे स्पष्ट है कि मांग के अनुरूप आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है और सप्लाई चेन में किसी प्रकार की बाधा नहीं है।

**भीड़ से बचने और संयम बरतने की अपील** : जिला प्रशासन ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से गैस एजेंसियों के बाहर भीड़ न लगाएं। पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध होने के कारण घबराने की आवश्यकता नहीं है। उपभोक्ताओं को धैर्य बनाए रखने और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने की सलाह दी गई है।

**निगरानी और कालाबाजारी पर सख्ती** : प्रशासन ने बताया कि गैस आपूर्ति व्यवस्था की लगातार निगरानी की जा रही है। कालाबाजारी, मुनाफाखोरी और अवैध बिक्री पर रोक लगाने के लिए 16 धावा दल का गठन किया गया है। साथ ही किसी भी समस्या के समाधान के लिए जिला स्तर पर हेल्पलाइन नंबर 06452-239025 एवं 239026 जारी किए गए हैं।

# ठाकुरगंज में जीएसटी की बड़ी कार्रवाई, व्यापारी सरवन कुमार जाजोदिया के ठिकानों पर छापेमारी

**किशनगंज,** (हि.स.)। नगर पंचायत ठाकुरगंज में जीएसटी विभाग की बड़ी कार्रवाई से हड़कंप मच गया। पटना से पहुंची विशेष टीम ने स्थानीय व्यापारी सरवन कुमार जाजोदिया के विभिन्न ठिकानों पर एक साथ छापेमारी शुरू की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जीएसटी विभाग की टीम ने जाजोदिया के दुकान, आवास एवं गोदामों में पहुंचकर सघन जांच की। इस दौरान अधिकारियों ने स्टॉक रजिस्टर, बिल-वाउचर, खरीद-बिक्री से जुड़े दस्तावेजों तथा बैंकिंग लेन-देन के अभिलेखों की बारीकी से पड़ताल की। अचानक हुई इस कार्रवाई से बाजार क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास के व्यापारियों में भी हलचल देखी गई और कार्रवाई को लेकर दिनभर चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। सूत्रों के मुताबिक, यह छापेमारी कर चोरी अथवा वित्तीय अनियमितताओं की आशंका के आधार पर की जा रही है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक जीएसटी विभाग की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया था। टीम द्वारा देर शाम तक जांच जारी रहने की जानकारी मिली है। कार्रवाई के बाद आगे की स्थिति विभागीय जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी।



# रेड लाइट एरिया में छापेमारी में छह नाबालिग सहित एक बालिग युवती को कराया गया मुक्त,29 भेजे गए जेल

**न्यूज़ स्केल अररिया,**

जिले के फारबिसगंज रेड लाइट एरिया में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए छापेमारी की। यह कार्रवाई ट्रैफिक डीएसपी के नेतृत्व में भारी पुलिस बल की मौजूदगी में की गई। पटना की संस्था बाल मित्र द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के बाद रेफरल रोड स्थित रामपुर उत्तर वार्ड संख्या तीन में यह छापेमारी की गई।

**36 युवक-युवतियां हिरासत में, नाबालिगों को कराया मुक्त** छापेमारी के दौरान पुलिस ने कुल 36 युवक और युवतियों को हिरासत में लिया। जांच के दौरान छह नाबालिग और एक बालिग युवती को देह व्यापार के दलदल से मुक्त कराया गया। सभी मुक्त कराई गई युवतियों को आवश्यक कार्रवाई के लिए बाल कल्याण समिति (सीडब्लूसी) के हवाले कर दिया गया।

**नकदी, जेवरात और आपत्तिजनक सामग्री बरामद** : छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से 48 हजार रुपये नकद, चांदी के जेवरात, 12 मोबाइल फोन सहित बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री बरामद की। पुलिस के अनुसार, यह सामग्री देह व्यापार के संचालन से जुड़ी गतिविधियों की पुष्टि करती है।

**अंतरराज्यीय गिरोह की आशंका, जांच जारी** : एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा ने बताया कि कई लड़कियां दूसरे राज्यों से लाकर यहां देह व्यापार में धकेली गई थीं। प्रारंभिक जांच में अंतर्राज्यीय सेक्स रैकेट गिरोह के सक्रिय होने की आशंका जताई गई है। मामले में फारबिसगंज थाना में कांड संख्या दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है। पुलिस ने गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी तेज कर दी है।



**29 आरोपियों को भेजा गया जेल**: पुलिस ने देह व्यापार को बढ़ावा देने के आरोप में 16 महिलाओं और 13 पुरुषों को गिरफ्तार किया। इन सभी को शनिवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में कई नामजद व्यक्ति शामिल हैं, जिनकी भूमिका संदिग्ध पाई गई है।

# चोरी के रेल सामग्री के साथ एक बदमाश गिरफ्तार

**भागलपुर,** (हि.स.)। पीरपैंती नगर पंचायत क्षेत्र स्थित कोलडंप के पास प्रदूषण नियंत्रण प्रणाली से जुड़े जीआई पाइपों की लगातार हो रही चोरी के मामले में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इन वारदातों से रेलवे संपत्ति को नुकसान पहुंच रहा था और सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे थे।

इसी क्रम में कहलगांव आरपीएफ इंस्पेक्टर Vipin Kumar को मिली गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने पीरपैंती के नौआटोली गांव में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान मोहम्मद राज अंसारी को संदेह के आधार पर हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान उसने पहले टालमटोल किया, लेकिन सख्ती से पूछे जाने पर उसने चोरी में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली।

उसकी निशानदेही पर मोहम्मद अजीम अंसारी के घर में छिपाकर रखे गए चोरी के सामान को बरामद किया गया। बरामद सामग्री में जीआई पाइप सहित रेलवे से जुड़े अन्य उपकरण शामिल हैं। आरपीएफ अधिकारियों ने बताया कि रेलवे संपत्ति की सुरक्षा को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है और इस तरह के मामलों में शामिल अन्य लोगों की भी पहचान की जा रही है।



# हिरासत में युवक की मौत से फलका में बवाल, थाना में तोड़फोड़, SH-77 जाम

**न्यूज़ स्केल कटिहार,**

---------------------



कटिहार जिले के फलका थाना क्षेत्र में पुलिस हिरासत में एक युवक की मौत के बाद शनिवार को स्थिति तनावपूर्ण हो गई। आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने थाना परिसर में घुसकर जमकर तोड़फोड़ की और स्टेट हाईवे-77 को जाम कर दिया। जाम हटाने पहुंची पुलिस और ग्रामीणों के बीच झड़प में कई पुलिसकर्मी घायल हो गए, जिसके बाद अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर स्थिति को नियंत्रित किया गया।

मृतक की पहचान राकेश यादव (24) के रूप में हुई है, जो गोपालपट्टी का निवासी था। उसे दो दिन पहले छिनतई के एक मामले में गिरफ्तार कर थाना हाजत में रखा गया था। शनिवार सुबह अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने पर पुलिस उसे फलका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई, जहां से उसे कटिहार सदर अस्पताल रेफर किया गया। अस्पताल ले जाने के दौरान ही उसकी मौत हो गई।

घटना के बाद परिजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि हिरासत में राकेश की बेरहमी से पिटाई की गई, जिससे उसकी मौत हुई। वहीं पुलिस ने इन आरोपों को खारिज करते हुए दावा किया है कि युवक ने हाजत में फांसी लगाने का प्रयास किया था और इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हुई।

मौत की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में लोग फलका चौक पर जुट गए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। भीड़ ने उग्र रूप धारण कर थाना परिसर में घुसकर तोड़फोड़ की और पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट की। इस दौरान एक पुलिसकर्मी की राइफल भी छीन ली गई, जिसे बाद में बरामद कर लिया गया।

झड़प के दौरान पोठिया ओपी अध्यक्ष समेत कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। काफी प्रयास के बाद दोपहर करीब दो बजे जाम हटाया जा सका।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शिखर चौधरी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए थानाध्यक्ष रवि कुमार राय और अनुसंधानकर्ता कुंदन कुमार को निलंबित कर दिया है। साथ ही जांच के आदेश दिए गए हैं और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

एसपी ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# एलपीजी गैस सिलेंडर के होम डिलेवरी से उपभोक्ताओं को मिली राहत

## सुपौल में एलपीजी गैस आपूर्ति सामान्य, होम डिलीवरी से उपभोक्ताओं को राहत

**न्यूज स्केल सुपौल**



जिले में एलपीजी गैस सिलेंडरों की आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। होम डिलीवरी सेवा शुरू होने के बाद उपभोक्ताओं को गैस प्राप्त करने में काफी सुविधा मिली है और गैस एजेंसियों पर लगने वाली भीड़ में भी कमी आई है। जिले की प्रमुख गैस एजेंसियों में शकुन इण्डेन गैस एजेंसी, भवानी इण्डेन गैस एजेंसी, कैलाश एचपी गैस एजेंसी, माँ चन्द्रकला एचपी गैस एजेंसी एवं अन्य एजेंसियों के माध्यम से जिले के उपभोक्ताओं को नियमित रूप से गैस उपलब्ध कराई जा रही है।

**होम डिलीवरी व्यवस्था और FIFO नियम का पालन**
जिला प्रशासन के निर्देश पर सभी गैस एजेंसियों द्वारा "पहले आओ, पहले पाओ" (FIFO) नियम का कड़ाई से पालन किया जा रहा है। प्रतिदिन उपलब्ध स्टॉक के आधार पर होम डिलीवरी के लिए सूची तैयार कर उसे सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया जा रहा है। गैस एजेंसी कार्यालय, गोदाम एवं डिलीवरी वाहनों पर बड़े फ्लैक्स लगाए गए हैं, जिनमें यह जानकारी दी जाती है कि किस तिथि तक बुकिंग करने वाले उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध करा दी गई है। इसके साथ ही बैकलॉग के अनुसार तिथिवार वितरण सूची भी एजेंसी कार्यालयों के सूचना पट्ट पर नियमित रूप से लगाई जा रही है, ताकि पारदर्शिता बनी रहे।

**सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक निगरानी:**

भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर सुरक्षा बनाए रखने के लिए गैस एजेंसियों और गोदामों पर पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। प्रशासन लगातार आपूर्ति और वितरण व्यवस्था की निगरानी कर रहा है, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो। विशेष रूप से होम डिलीवरी व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने पर जोर दिया जा रहा है, जिससे उपभोक्ताओं को बिना किसी परेशानी के गैस उपलब्ध हो सके।

**गैस स्टॉक और वितरण की वर्तमान स्थिति:** जिले की 51 गैस एजेंसियों में से 49 में एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध हैं, जबकि शेष 2 एजेंसियों में शीघ्र आपूर्ति की संभावना जताई गई है। वर्तमान में जिले में लगभग 13,428 गैस सिलेंडरों का भंडार मौजूद है। 03 अप्रैल 2026 को करीब 4,209 उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर वितरित किए गए, जबकि लगभग 21,799 बुकिंग अभी लंबित हैं, जिन्हें चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है।

**निगरानी, जांच और प्रशासन की अपील:** जिला प्रशासन द्वारा गैस वितरण प्रणाली की नियमित जांच की जा रही है। अब तक कई गैस एजेंसियों और अन्य प्रतिष्ठानों की जांच एवं छापेमारी की गई है। घरेलू गैस के वाणिज्यिक उपयोग और कालाबाजारी के आरोप में तीन प्राथमिकी भी दर्ज की जा चुकी है। समाहरणालय परिसर स्थित जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष नंबर 06473-224005 है। यहां प्राप्त शिकायतों का त्वरित निष्पादन किया जा रहा है। प्रशासन ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अनावश्यक भीड़ न लगाएं और घबराकर अतिरिक्त सिलेंडर की बुकिंग न करें, क्योंकि सभी को समय पर होम डिलीवरी के माध्यम से गैस उपलब्ध कराई जा रही है।

# होम डिलीवरी सेवा प्रभावी रूप से संचालित : जिला प्रशासन



**न्यूज स्केल सुपौल**

जिले में एलपीजी गैस उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी गैस एजेंसियों द्वारा होम डिलीवरी सेवा प्रभावी रूप से संचालित की जा रही है।
सभी एजेंसियों द्वारा उपभोक्ताओं को उनके घर तक एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।
होम डिलीवरी व्यवस्था लागू होने से गैस एजेंसियों के कार्यालय एवं गोदाम पर उपभोक्ताओं की भीड़ में कमी आई है, जिससे व्यवस्था अधिक सुगम एवं पारदर्शी हुई है। साथ ही उपभोक्ताओं को समय की बचत एवं उन्हें बेहतर सुविधा प्राप्त हो रही है।
जिला प्रशासन द्वारा गैस एजेंसियों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित मानकों का पालन करते हुए समयबद्ध एवं सुरक्षित डिलीवरी सुनिश्चित करें। साथ ही कालाबाजारी एवं अनियमितताओं पर सख्त निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए हैं।

# खतरनाक चमक : हरे रंग में रंगी सब्जियों से सेहत पर संकट

**न्यूज स्केल, त्रिवेणीगंज**

बाजार में इन दिनों चमकदार और ताजी दिखने वाली सब्जियों के पीछे एक खतरनाक खेल सामने आया है। भिंडी, परवल, खीरा, करैला को रासायनिक रंगों से रंगकर बेचा जा रहा है। यह दिखने में भले आकर्षक लगती हों, लेकिन स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन चुकी हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि सब्जियों को कृत्रिम रूप से चमकदार बनाने के लिए ग्रीन जैसे खतरनाक केमिकल का इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे सब्जियां ज्यादा ताजी और हरी दिखाई देती हैं, जिससे ग्राहक आसानी से आकर्षित हो जाते हैं। चिकित्सक डॉ. बीएन पासवान ने इस पर चिंता जताते हुए कहा कि रासायनिक रंग से रंगी सब्जियों का सेवन शरीर के लिए बेहद हानिकारक है। इससे लिवर और किडनी पर बुरा असर पड़ता है, साथ ही गैस, पेट में जलन, एलर्जी जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। लंबे समय तक सेवन से गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने उपभोक्ताओं को सावधान करते हुए सुझाव दिया कि सब्जी खरीदते समय उसे हाथ से रगड़कर या पानी में डालकर जरूर जांच लें। यदि रंग उतरता है या पानी का रंग बदलता है, तो ऐसी सब्जियों से तुरंत परहेज करें। वहीं, कुछ सब्जी विक्रेताओं ने भी स्वीकार किया कि ग्राहकों की मांग के कारण वे सब्जियों को रंगते हैं। उनका कहना है कि ग्राहक चमकदार और हरी सब्जी ही पसंद करते हैं, इसलिए थोड़ी मात्रा में रंग का उपयोग कर सब्जियों को आकर्षक बनाया जाता है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि खाद्य निरीक्षक द्वारा ऐसे मामलों में सैंपल जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए। त्रिवेणीगंज के कुछ लोगों ने बताया कि उपभोक्ता सतर्क रहें, दिखावे में न आएं और केवल प्राकृतिक रूप से ताजी दिखने वाली सब्जियां ही खरीदें। साथ ही, संदिग्ध सब्जियों की जानकारी संबंधित विभाग को दें, ताकि इस खतरनाक खेल पर रोक लगाई जा सके।

# पेंशनर समाज की मासिक बैठक सम्पन्न, लिए कई निर्णय



**न्यूज स्केल प्रतापगंज**

पेंशनर समाज के कार्यालय में शनिवार को मासिक बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता सभापति हरिनंदन साहू ने की। उपसभापति पं यागेश्वर झा को गत बैठक के कार्यवाही को प्रस्तुत करने को कहा गया।उपसभापति ने गत बैठक की कार्रवाई को सर्वसम्मति से पारित करने के पहले एक सूझाव दिया कि निःशुल्क सामाजिक कार्यक्रमों को अल्पकालिक रुप से आयोजित करने के लिए सभापति अपने विवेक से निर्णय लेंगे। प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। सविता वर्मा स्वास्थ्यकर्मी की समस्या बैठक में प्रस्तुत किया गया। जिसमें उन्हें वर्ष 2019 में तीन माह का एवं वर्ष 2020 में फरबरी माह का वेतन प्राप्त नहीं होने का मुद्दा उठाया गया। संबंधित कार्यालय से सम्पर्क किया गया पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं प्राप्त हुआ। निर्णय लिया गया कि समाज के सचिव एवं संयुक्त सचिव मिलकर संबंधित कार्यालय से सम्पर्क कर उचित कार्रवाई करेंगे।
पेंशनर समाज की अगली बैठक 9 मई 2026 को निर्धारित समय पर आहूत होने की घोषणा की गई। सभापति महोदय द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक समाप्ति की घोषणा की गई।

# हनुमान जयंती पर छपकाही में भक्ति का माहौल, एक दिवसीय अष्टयाम का आयोजन

**न्यूज स्केल सुपौल**



सदर प्रखंड अंतर्गत छपकाही गांव में हनुमान जयंती के पावन अवसर पर भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। एक दिवसीय अष्टयाम का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।
कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना और भगवान हनुमान के स्मरण के साथ की गई। इसके बाद बाहर से आए कलाकारों द्वारा अष्टयाम की प्रस्तुति शुरू की गई, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कलाकारों ने अपने मधुर भजनों, कीर्तन और धार्मिक प्रस्तुतियों से उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।
अष्टयाम के दौरान लगातार "जय श्री राम" और "हनुमान जी की जय" के जयकारों से पूरा इलाका गूंज उठा। श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर भजन-कीर्तन का आनंद लेते रहे। कार्यक्रम में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की सक्रिय भागीदारी देखी गई, जिससे आयोजन और भी खास बन गया।
आयोजक राजीव रंजन एवं उनके परिवार के सदस्यों ने बताया कि हनुमान जयंती के अवसर पर हर वर्ष इस तरह के धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, ताकि लोगों में धार्मिक आस्था और एकता की भावना को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।
कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। पूरे आयोजन को सफल बनाने में गांव के युवाओं और स्थानीय लोगों का सराहनीय योगदान रहा।
इस आयोजन ने न सिर्फ धार्मिक माहौल को जीवंत किया, बल्कि गांव में आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता का भी संदेश दिया।

# सुपौल में सुना घर को चोरों ने बनाया निशाना

## सोना-चांदी के जेवरात सहित 5 से 7 लाख की चोरी , थाना में दिया आवेदन,पुलिस जांच में जुटी





**न्यूज स्केल सुपौल।**

सदर थाना क्षेत्र के बैरिया पंचायत के मलहद गांव में शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने एक सुना घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया। मिली जानकारी के अनुसार मलहद गांव निवासी गोविंद झा (70 वर्ष) के पुत्र बैंक कर्मी कौशल किशोर झा के घर में 3 अप्रैल 2026 की रात चोरी हो गई। पीड़ित परिवार के अनुसार चोर घर से सोना, चांदी समेत कई घरेलू सामान लेकर फरार हो गए। चोरी गए सामानों में करीब 10 ग्राम सोना, 500 ग्राम चांदी, एक पीतल की कटोरी, पांच फूल लोटा, एक फूल लोहिया, पांच फूल कटोरा, पांच फूल गिलास, एक फूल कलश, एक फूल कड़ाही, तीन कोट-पैंट और एक 1 एचपी मोटर शामिल है। घटना के संबंध में गोविंद झा के पुत्र कौशल किशोर झा, जो पूणा बैंक में कार्यरत हैं, ने सुपौल थाना में लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित गृह स्वामी ने बताया कि घर के मेन गेट का ताला तोड़कर रूम में प्रवेश किया और गोदरेज , ट्रंक और बक्सा का ताला तोड़कर सारा कीमती सामान और जेवरात पर हाथ साफ किया। शनिवार की सुबह चोरी होने की खबर मिली ।घटना की जानकारी सदर थाना पुलिस को दी गई। पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन की। थानाध्यक्ष ने बताया कि आवेदन मिला है ।कार्रवाई की जा रही है।

# सात अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस पर बेबी शो और स्वस्थ बेबी प्रतियोगिता का होगा आयोजन





**न्यूज स्केल सुपौल।**

इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा के तत्वावधान में सदर अस्पताल परिसर में 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर बेबी शो व स्वस्थ बेबी प्रतियोगिता आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की सफलता को लेकर सिविल सर्जन सह उपाध्यक्ष रेड क्रॉस सोसायटी बाबू साहब झा की अध्यक्षता में शुक्रवार की शाम इंडियन मेडिकल एसोसिएशन एवं रेडक्रॉस की संयुक्त बैठक की गई। चेयरमैन डॉ कन्हैया प्रसाद सिंह ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर रेड क्रॉस सोसायटी के तत्वाधान में किया जाएगा। जिसमें इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की सक्रिय भागीदारी के बगैर संभव नहीं है। कार्यक्रम रूपरेखा पर विचार विमर्श किया गया। सिविल सर्जन ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी संभव सहयोग देने का अश्वासन दिया। आइ एम ए अध्यक्ष डॉ शांति भूषण सिंह ने ऐसे आयोजन पर सभी सदस्यों को सहयोग करते हुए सुझाव दिया। इस मौके पर नगर परिषद चेयरमैन राघवेन्द्र झा राधव ने भी अपना सहयोग देने की बात कही। इस मौके पर रेड क्रॉस के वाइस चेयरमैन सुब्रत मुखर्जी, सचिव राम कुमार चौधरी, कोषाध्यक्ष अभय तिवारी, अमरेन्द्र कुमार अमर, नीलम कुमारी, खुर्शीद आलम, चंद्र शेखर चौधरी, पेट्रोन सदस्य डॉ राजाराम गुप्ता, संतोष सिंह, जगन्नाथ चौधरी, डॉ विजय शंकर चौधरी, एवं आइ एम ए सचिव डॉ ओ पी अमन, उपाधीक्षक डॉ नूतन वर्मा, डॉ अरूण कुमार वर्मा, डॉ आलोक कुमार, रामजी प्रसाद अमरनाथ साह सहित कई सदस्य उपस्थित हुए।

# शराब तस्करी के आरोप में एक आरोपी गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा गया



**न्यूज स्केल, त्रिवेणीगंज**

त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र में उत्पाद अधिनियम के तहत पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को शुक्रवार की संध्या गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि त्रिवेणीगंज थाना कांड संख्या 131/26 दिनांक 03 अप्रैल 2026, धारा 30(ए)/41 उत्पाद अधिनियम के तहत ज्योतिष कुमार पिता – गुणेश्वर यादव , निवासी करमिनियां को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई, 6.75 लीटर विदेशी शराब व बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

**न्यूज स्केल, त्रिवेणीगंज**



त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के लहरनिया बादुर चौक पर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सघन वाहन जांच अभियान के दौरान शुक्रवार की रात एक युवक को अवैध विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार युवक की पहचान थाना क्षेत्र के करमिनियां गांव निवासी ज्योतिष कुमार, पिता भुनेश्वर यादव के रूप में की गई है। उसके पास से 750 एमएल की रॉयल स्टेज ब्रांड की कुल 9 बोतल (कुल 6.75 लीटर) विदेशी शराब बरामद की गई है।
इसके साथ ही पुलिस ने एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल भी जब्त की है, जिसका उपयोग शराब के परिवहन में किया जा रहा था। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। उधर पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# दो वारंटी व दो शराबी सहित कुल चार गिरफ्तार

**न्यूज स्केल बलुआ बाजार ।**



भीमपुर थाना पुलिस ने शुक्रवार को समकालीन अभियान के तहत छापेमारी के दौरान थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों से दो एनबी डब्लु वारंटी व दो शराबी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार वारंटी के विरुद्ध एसडीजेएम न्यायालय से वारंट निर्गत होने के बाद पुलिस ने यह कारवाई की है । गिरफ्तार किए गए वारंटी थाना क्षेत्र के जीवछपुर पंचायत निवासी स्व सत्यनारायण मुखिया के पुत्र मोहन मुखिया व बेलागंज निवासी चंदेश्वर मुखिया बताया जा रहा है । वही गिरफ्तार शराबी वीरपुर थाना क्षेत्र वार्ड संख्या 9 निवासी स्व प्रमोद प्रसाद पंडित के पुत्र आशुतोष आंनद व मधेपुरा जिला के मुरलीगंज थाना क्षेत्र के मुरलीगंज रजनी वार्ड संख्या 5 निवासी ग़ुलाब दास के पुत्र तुलसी कुमार बताया जा रहा है। दोनों शराबी के मेडिकल जांच में शराब पीने की पुष्टि हुई है। इस बाबत भीमपुर पुलिस ने बताया कि समकालीन अभियान के दौरान छापेमारी के क्रम में न्यायालय से जारी वारंट के आलोक में दो वारंटी व दो शराबी सहित कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है । चारों गिरफ्तार व्यक्ति को शनिवार को न्यायिक हिरासत के लिए न्यायालय भेज दिया गया है।

# बिहार में ही गौतम बुद्ध और महात्मा गांधी ने ज्ञान प्राप्त कर अपने जीवन का उद्देश्य पाया : उपराष्ट्रपति

## "बिहार की धरती से उठी विचारों की लौ, शिक्षा और संस्कार से गढ़ता विकसित भारत।"

**न्यूज स्केल मोतिहारी**



मोतिहारी में स्थित महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में सीपी राधाकृष्णन ने मुख्य अतिथि के रूप में छात्रों, शिक्षकों और विद्वानों को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने बिहार की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और वैचारिक विरासत की सराहना करते हुए इसे "महान विचारों की धरती" बताया। कार्यक्रम में राज्य के कई गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहे, जिससे समारोह का महत्व और बढ़ गया।

**बिहार की वैचारिक और ऐतिहासिक विरासत** उपराष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार वह भूमि है जहां गौतम बुद्ध और महात्मा गांधी जैसी महान हस्तियों ने ज्ञान और प्रेरणा प्राप्त की। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि यहीं से बौद्ध धर्म, जैन धर्म और समाजवादी विचारधारा ने आकार लिया। बिहार की इस समृद्ध परंपरा ने देश को नैतिक और वैचारिक दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**जयप्रकाश नारायण का योगदान और स्मरण:** अपने संबोधन में जयप्रकाश नारायण का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने भारत की नैतिक और राजनीतिक चेतना को नई दिशा दी। उन्होंने 1974 की क्रांति को याद करते हुए अपने युवा दिनों का अनुभव भी साझा किया। उन्होंने बताया कि उस समय वे कोयंबटूर में जिला महासचिव के रूप में सक्रिय थे और आंदोलन का हिस्सा बने थे।

**शिक्षा, नवाचार और सम्मान समारोह:** उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और आगे और ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है। उन्होंने विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा डेटा साइंस जैसे क्षेत्रों में हो रहे नवाचारों की सराहना की। दीक्षांत समारोह में सैयद अता हसनैन, सम्राट चौधरी और सुनील कुमार सहित कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को स्वर्ण पदक प्रदान किए गए, जिसे उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि के साथ-साथ समाज के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक बताया गया।

**देश की प्रगति और युवाओं की भूमिका:** नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में देश के विकास पर प्रकाश डालते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत तेजी से प्रगति कर रहा है। उन्होंने छात्रों से राष्ट्रवाद को अपनाने और एक मजबूत, नैतिक तथा जिम्मेदार समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उनका कहना था कि युवाओं को किसी भी प्रकार की अनैतिकता के खिलाफ खड़ा होना चाहिए और समाज में सकारात्मक बदलाव लाना चाहिए।

## जिले में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता, प्रशासन ने अफवाहों से बचने की अपील की



**न्यूज स्केल दरभंगा**

जिला में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता को लेकर जिला प्रशासन ने उपभोक्ताओं से अफवाहों से बचने की अपील की है। दरभंगा में आज 9454 एलपीजी सिलेंडरों का वितरण किया गया, जिसमें सदर क्षेत्र में 7563, बेनीपुर में 767 तथा बिरौल में 1124 सिलेंडर शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार 13138 सिलेंडर अभी एजेंसियों के गोदामों में उपलब्ध हैं। 05 अप्रैल को लगभग 15448 सिलेंडरों की आपूर्ति संभावित है, जबकि उसी दिन 28,586 सिलेंडर वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। शिकायतों के समाधान के लिए जिला नियंत्रण कक्ष सक्रिय है, जहां प्राप्त 25 शिकायतों का त्वरित निष्पादन किया गया। प्रशासन ने होम डिलीवरी व्यवस्था जारी रहने की जानकारी देते हुए उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया कि जिले में गैस की कोई कमी नहीं है और 1–2 दिनों में सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई और नियमित छापेमारी भी की जा रही है।

# नालंदा में अगलगी से बचाव को लेकर आपदा प्रबंधन की समीक्षा बैठक, मॉक ड्रिल और जागरूकता बढ़ाने पर जोर



**नालंदा**(हि.स.) , बिहार, भारत में जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा गर्मी के मौसम में पछुआ हवा के कारण संभावित अगलगी घटनाओं से निपटने को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों ने भाग लिया। इसमें तैयारियों, संसाधनों की उपलब्धता तथा आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के उपायों की विस्तृत समीक्षा की गई।

**तैयारियों को सुदृढ़ करने के निर्देश:** जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि संभावित अग्निकांड से निपटने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ रखा जाए। साथ ही समय-समय पर मॉक ड्रिल और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने पर जोर दिया गया, ताकि आमजन और प्रशासन दोनों किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपट[illegible] स क[illegible]। उन्होंने कहा कि गर्मी और पछुआ हवा के कारण अगलगी की घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए सतर्कता बेहद जरूरी है।

**आपात स्थिति में कार्रवाई और संपर्क:** भवनों में आग लगने की स्थिति में सुरक्षित निकास मार्ग का उपयोग करने, लिफ्ट का प्रयोग न करने तथा धुएं से बचते हुए नीचे झुककर बाहर निकलने की सलाह दी गई है। आपात स्थिति में अग्निशमन सेवा (101/112) या जिला कंट्रोल रूम से संपर्क करने को कहा गया है। बिहारशरीफ, बिहार, भारत, हिलसा, बिहार, भारत और राजगीर, बिहार, भारत सहित विभिन्न स्थानों के फायर कंट्रोल नंबर भी साझा किए गए हैं, ताकि त्वरित सहायता मिल सके।

**आमजन के लिए सुरक्षा सुझाव:** बैठक में जनसाधारण के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव जारी किए गए। इनमें समय पर खाना बनाना, खेतों में डंठलों में आग न लगाना, रसोई में आग पूरी तरह बुझाना, विद्युत वायरिंग की नियमित जांच, तथा घर में बालू, मिट्टी और पानी की व्यवस्था रखना शामिल है। इसके अलावा ज्वलनशील पदार्थों के उपयोग में सावधानी, धूम्रपान के बाद जलती तीली या बीड़ी इधर-उधर न फेंकने और सामूहिक आयोजनों में पर्याप्त पानी रखने की सलाह दी गई।

**आग लगने की आपात स्थिति में सहायता हेतु महत्वपूर्ण संपर्क विवरण अग्निशमन सेवा (Fire Services): अग्निशमन बिहारशरीफ – 7485805884 अग्निशमन हिलसा – 7485805888 अग्निशमन राजगीर – 7485805886 / 7485805887**

# जिलाधिकारी ने बाहर आकर सुनी वरिष्ठ नागरिक की समस्या, जांच के दिए निर्देश

**न्यूज स्केल सारण**



जिले के जिलाधिकारी कार्यालय में उस समय संवेदनशीलता का उदाहरण देखने को मिला जब एक वरिष्ठ व्यक्ति अपनी समस्या लेकर पहुंचा। जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी अपने कक्ष से बाहर आए और स्वयं उस व्यक्ति से मुलाकात कर उनकी समस्या को गंभीरता से सुना।वरिष्ठ नागरिक ने अपनी शिकायत विस्तार से रखते हुए संबंधित विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। जिलाधिकारी ने धैर्यपूर्वक पूरी बात सुनी और मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत संज्ञान लिया। उन्होंने मौके पर ही जिला अवर निबंधक को निर्देश दिया कि मामले की गहन जांच की जाए तथा जांच पूरी तरह निष्पक्ष और समयबद्ध होनी चाहिए।

जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि जांच में यदि किसी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही पाई जाती है तो नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाए।

इस पहल से संबंधित फरियादी ने संतोष व्यक्त किया और प्रशासन के प्रति विश्वास जताया।

## सीवान जंक्शन पर आरपीएफ की सघन चेकिंग, श्वान 'रैंबो' ने संभाली कमान



**सीवान,** (हि.स.) रेलवे सुरक्षा को लेकर रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने शनिवार को सीवान जंक्शन पर व्यापक जांच अभियान चलाया।

वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त, वाराणसी के निर्देश पर यह विशेष चेकिंग अभियान संचालित किया गया।

प्रभारी निरीक्षक, आरपीएफ पोस्ट सीवान के नेतृत्व में सउनि शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय, सउनि विनोद कुमार यादव तथा कांस्टेबल राधेश्याम यादव ने डॉग स्क्वायड के श्वान 'रैंबो' के साथ स्टेशन परिसर के विभिन्न हिस्सों की गहन तलाशी ली।

इस दौरान पार्सल घर, बुकिंग हाल, सर्कुलेटिंग एरिया, यात्री प्रतीक्षालय, प्लेटफॉर्म सहित कई ट्रेनों—15707, 15280, 15708, 18182 और 15566 में विस्फोटक पदार्थों की जांच की गई।

चेकिंग के दौरान सभी स्थानों पर स्थिति सामान्य पाई गई और कहीं भी कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। आरपीएफ की इस सतर्कता से यात्रियों में सुरक्षा को लेकर भरोसा बढ़ा है।आरपीएफ अधिकारियों ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस तरह की जांच आगे भी जारी रहेगी।

# नवादा में एलपीजी गैस की आपूर्ति सामान्य, प्रशासन सतत निगरानी में

**न्यूज स्केल नवादा**



नवादा जिले में एलपीजी गैस सिलेंडर की उपलब्धता एवं आपूर्ति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। प्रभारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी डॉ. राज कुमार सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में किसी प्रकार की कमी नहीं है और उपभोक्ताओं तक नियमित एवं निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है और सभी संबंधित एजेंसियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

**पर्याप्त स्टॉक और सुचारु वितरण व्यवस्था:** कंपनियों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार 14.2 किलोग्राम श्रेणी के कुल 12418 एलपीजी सिलेंडर जिले में उपलब्ध हैं। इनमें एचपीसीएल के 3323, बीपीसीएल के 6291 तथा आईओसीएल के 2804 सिलेंडर शामिल हैं। यह उपलब्धता जिले की वर्तमान मांग के अनुरूप पर्याप्त है। सभी गैस एजेंसियों को पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है, ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

**नियंत्रण कक्ष से शिकायतों का त्वरित निवारण:** जनसुविधा के लिए जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष संख्या 06324-212122 है। अब तक 250 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 215 का निष्पादन कर दिया गया है। शेष शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया जारी है। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी समस्या के लिए नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें।

**कालाबाजारी रोकने के लिए धावा दल सक्रिय:** जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए सभी प्रखंडों में धावा दलों का गठन किया गया है। इनमें प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी एवं थाना पदाधिकारी शामिल हैं। ये दल नियमित निरीक्षण कर रहे हैं ताकि आपूर्ति व्यवस्था पारदर्शी बनी रहे और किसी भी अनियमितता पर तत्काल कार्रवाई की जा सके।

## जिले में गैस सिलेंडर आपूर्ति सुचारू, पैनिक बुकिंग से बचने की अपील

**न्यूज स्केल नवादा**



जिले में गैस सिलेंडरों की आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह से सुचारू बनी हुई है और घर-घर तक सिलेंडरों की नियमित डिलीवरी की जा रही है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि वर्तमान में जिले में एलपीजी सिलेंडरों की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में है, जिससे किसी प्रकार की कमी या संकट की स्थिति नहीं है। प्रशासन लगातार आपूर्ति व्यवस्था की निगरानी कर रहा है ताकि उपभोक्ताओं को समय पर और समान रूप से गैस मिल सके। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे अनावश्यक घबराहट में आकर पैनिक बुकिंग न करें। सभी उपभोक्ताओं को उनकी आवश्यकता के अनुसार निर्धारित समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। किसी भी प्रकार की समस्या या शिकायत होने पर उपभोक्ता नियंत्रण कक्ष के नंबर 06324-212122 पर संपर्क कर सकते हैं।प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी एवं सुचारू बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास जारी हैं।

# जिले में एलपीजी आपूर्ति की समीक्षा बैठक

**न्यूज स्केल दरभंगा**




दरभंगा स्थित समाहरणालय परिसर के बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर सभागार में जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में एलपीजी गैस की उपलब्धता, बुकिंग एवं आपूर्ति व्यवस्था को लेकर गैस एजेंसियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपभोक्ताओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया।

**होम डिलीवरी और समय पर आपूर्ति के निर्देश:** जिलाधिकारी ने सभी गैस एजेंसियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक उपभोक्ता को निर्धारित समय सीमा के भीतर, विशेष रूप से तीन दिन पूर्व बुकिंग करने वालों को प्राथमिकता के आधार पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए। साथ ही सभी एजेंसियों को शत-प्रतिशत घर-घर डिलीवरी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

**कालाबाजारी और अनियमितताओं पर सख्ती:** बैठक में कालाबाजारी, ओवरप्राइसिंग, होर्डिंग और गैस के अवैध उपयोग की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित मामलों में विधि-सम्मत कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। कंट्रोल रूम से प्राप्त शिकायतों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।

**निगरानी, निरीक्षण और कार्रवाई की व्यवस्था:** जिलाधिकारी ने अधिकारियों को नियमित निगरानी रखने, एजेंसियों पर पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति, वितरण की वीडियोग्राफी तथा आवश्यकता अनुसार पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में स्वप्निल, सुरेश कुमार सहित अन्य अधिकारी और गैस एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# मोतिहारी जहरीली शराब कांड में मरने वालों की संख्या बढ़कर हुई छह

**पूर्वी चंपारण,** (हि.स.)। पूर्वी चंपारण जिले के तुरकौलिया और रघुनाथपुर थाना क्षेत्रों में कथित जहरीली शराब कांड ने भयावह रूप ले लिया है। इस घटना में अब तक छह लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि एक दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से बीमार हैं। कई पीड़ितों ने आंखों की रोशनी तक गंवा दी है, जिससे स्थिति और चिंताजनक हो गई है। विभिन्न अस्पतालों में घायलों का इलाज जारी है।



**पुलिस कार्रवाई और प्रशासनिक सख्ती:** घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस-प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई शुरू की है। एसपी स्वर्ण प्रभात ने तुरकौलिया थानाध्यक्ष उमाशंकर मांझी को निलंबित कर दिया है। वहीं चौकीदार भरत यादव को गिरफ्तार किया गया है, जो मुख्य शराब कारोबारी नागा राय का रिश्तेदार बताया जा रहा है और उस पर सहयोग करने का आरोप है। पुलिस ने मुख्य आरोपी नागा राय समेत आठ शराब कारोबारियों को गिरफ्तार कर लिया है तथा सप्लायर की तलाश में छापेमारी तेज कर दी गई है।

**जांच, छापेमारी और प्रभावित इलाकों में हालात:** मामले में रघुनाथपुर और तुरकौलिया थाना में अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई है। मृतक प्रमोद यादव की पत्नी सुगंति देवी के आवेदन पर भी केस दर्ज हुआ है। प्रशासन ने प्रभावित गांवों बालगंगा, लक्ष्मीपुर, गदरिया, परसौना और हरदिया में मेडिकल कैंप लगाकर उपचार शुरू कराया है। डीआईजी हरकिशोर राय के अनुसार सभी बीमारों का समुचित इलाज किया जा रहा है और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी के दौरान पीपराकोठी क्षेत्र से 700 लीटर स्प्रिट भी बरामद हुई है, जिसमें मेथनॉल की पुष्टि हुई है, जिससे एक बड़ी त्रासदी टलने का अनुमान है।

**मृतकों और बीमारों की पहचान व स्थिति:**

मृतकों में जयसिंहपुर पुलवाघाट के चंदू प्रसाद, परसौना के प्रमोद यादव, परिक्षण मांझी, बालगंगा के सम्पत साह, हरदिया के हरी भगत और लालकिशोर राय शामिल हैं। वहीं बालगंगा के विनोद साह, राहुल पासवान, लोहा ठाकुर और लड्डू साह समेत कई लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है। चिकित्सकों ने गंभीर मरीजों में शामिल विनोद साह और लड्डू साह को बेहतर इलाज के लिए पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (पीएमसीएच) रेफर किया है। आशंका जताई जा रही है कि मृतकों की संख्या आगे भी बढ़ सकती है।

# कमर्शियल LPG सिलेंडर के लिए सख्त हुए नियम, PNG कनेक्शन पर जोर




**नई दिल्ली,** (हि.स.)देश और दुनिया में ऊर्जा संकट के बीच राजधानी में गैस आपूर्ति को अधिक व्यवस्थित और स्वच्छ बनाने की दिशा में दिल्ली सरकार ने कमर्शियल LPG सिलेंडरों के नियमों को सख्त किया है। इस नीति का उद्देश्य होटल, रेस्टोरेंट और ढाबों जैसे व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को धीरे-धीरे पाइप्ड नेचुरल गैस (PNG) की ओर स्थानांतरित करना है, ताकि प्रदूषण कम हो और आपूर्ति प्रणाली अधिक सुरक्षित व पारदर्शी बन सके।

**डेटा साझा करने और निगरानी की व्यवस्था** अधिकारियों के अनुसार, PNG अपनाने के इच्छुक उपभोक्ताओं का डेटा आगे की कार्रवाई के लिए इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड के साथ साझा किया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी तेल विपणन कंपनियों द्वारा की जाएगी। वहीं पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि देश में LPG की आपूर्ति फिलहाल स्थिर है और पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, जिससे किसी प्रकार की कमी की आशंका नहीं है।

**PNG कनेक्शन की दिशा में अनिवार्यता :** नई व्यवस्था के तहत उन क्षेत्रों में, जहां PNG इंफ्रास्ट्रक्चर मौजूद है, वहां व्यवसायों को PNG कनेक्शन लेना प्राथमिकता बन गया है। यह कदम ऊर्जा के स्वच्छ स्रोत को बढ़ावा देने और LPG पर निर्भरता कम करने के लिए उठाया गया है। साथ ही, नियमों के अनुपालन की निगरानी के लिए दस्तावेजों का सत्यापन भी अनिवार्य किया गया है।




**कमर्शियल उपभोक्ताओं के लिए नई शर्तें :** 2 अप्रैल को जारी आदेश के अनुसार अब कमर्शियल और औद्योगिक उपभोक्ताओं को LPG सिलेंडर तभी उपलब्ध होगा, जब वे संबंधित ऑयल मार्केटिंग कंपनियों (OMCs) के साथ पंजीकृत हों और उन्होंने PNG कनेक्शन के लिए आवेदन किया हो (जहां नेटवर्क उपलब्ध है)। जिन क्षेत्रों में PNG नेटवर्क नहीं है, वहां भी उपभोक्ताओं को भविष्य में PNG अपनाने की इच्छा जताते हुए आवेदन देना अनिवार्य होगा।



---

# एक महीने में सोना 12,000 और चांदी 35,000 सस्ती, खरीदारों को मिली राहत




**नई दिल्ली,** (हि.स.)बीते एक महीने में सर्राफा बाजार में सोना और चांदी की कीमतों में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। मार्च की शुरुआत में जहां कीमतें रिकॉर्ड स्तर के करीब थीं, वहीं अब इनमें लगातार कमी देखने को मिल रही है। इससे जहां निवेशकों को अस्थिरता का सामना करना पड़ा, वहीं आम खरीदारों के लिए यह राहत भरी खबर साबित हुई है।

**गिरावट के पीछे के कारण और आगे की स्थिति :** विशेषज्ञों के अनुसार, वैश्विक तनाव, डॉलर की मजबूती और निवेशकों द्वारा मुनाफावसूली इस गिरावट के प्रमुख कारण हैं। बाजार अभी भी अंतरराष्ट्रीय संकेतों पर निर्भर है, इसलिए आगे भी उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है।

**सोने के भाव में करीब 12,000 की कमी :** आंकड़ों के अनुसार, 4 मार्च को 24 कैरेट सोने का भाव लगभग ₹1.62 लाख प्रति 10 ग्राम था, जो अब घटकर करीब ₹1.50 लाख के आसपास पहुंच गया है। यानी एक महीने में सोने की कीमत में लगभग ₹12,000 तक की गिरावट दर्ज की गई है। इस गिरावट ने बाजार में खरीदारी की उम्मीदें बढ़ा दी हैं।

**चांदी में भी भारी गिरावट**
चांदी की कीमतों में भी इस दौरान बड़ी गिरावट देखने को मिली है। 4 मार्च को चांदी का भाव करीब ₹2.70 लाख प्रति किलोग्राम था, जो अब घटकर लगभग ₹2.35 लाख रह गया है। यानी चांदी में लगभग ₹35,000 की कमी आई है, जो निवेशकों के लिए बड़ा बदलाव माना जा रहा है।

---

# बैंक बदलना होगा आसान : RBI की नई योजना

**नई दिल्ली,** (हि.स.)भारतीय रिजर्व बैंक Reserve Bank of India एक ऐसी व्यवस्था पर काम कर रहा है, जिससे बैंक बदलना मोबाइल नंबर पोर्ट कराने जितना आसान हो सकता है। इस प्रस्ताव के तहत ग्राहक बिना अपना खाता नंबर बदले बैंक स्विच कर सकेंगे। यह कदम बैंकिंग सेक्टर में एक बड़ा डिजिटल सुधार माना जा रहा है, जिसका उद्देश्य ग्राहकों को अधिक सुविधा और स्वतंत्रता देना है।




**मौजूदा प्रक्रिया में क्या हैं परेशानियां :** वर्तमान में बैंक बदलने पर ग्राहकों को नया खाता नंबर मिलता है, जिसके बाद उन्हें हर जगह अपनी बैंक डिटेल अपडेट करनी पड़ती है। वेतन, लोन की EMI, SIP, बीमा प्रीमियम और अन्य ऑटो-पेमेंट सेवाओं को फिर से सेट करना पड़ता है। कई बार जानकारी अपडेट न होने के कारण भुगतान असफल हो जाते हैं, जिससे ग्राहकों को आर्थिक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**नई प्रणाली कैसे करेगी काम**
नई व्यवस्था में ग्राहक का पुराना खाता नंबर एक स्थायी पहचान के रूप में काम करेगा। RBI एक सेंट्रल प्लेटफॉर्म तैयार कर रहा है, जहां ग्राहक के सभी ऑटो-पेमेंट और वित्तीय निर्देश सुरक्षित रहेंगे। जब ग्राहक बैंक बदलेंगे, तो यह जानकारी स्वतः नए बैंक में ट्रांसफर हो जाएगी और उन्हें अलग से अपडेट करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**ग्राहकों और बैंकिंग सिस्टम को लाभ :** इस प्रणाली से बैंकों के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और वे बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रेरित होंगे। ग्राहक आसानी से बेहतर बैंक चुन सकेंगे, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी। साथ ही डिजिटल ट्रांजेक्शन को भी मजबूती मिलेगी और बैंकिंग अनुभव अधिक सरल व सुविधाजनक बन जाएगा।

---

# रोज खाएं मीठा-मीठा खरबूजा, सेहत पर क्या पड़ता है असर?

**नई दिल्ली,** (हि.स.गर्मियों के मौसम में शरीर को हाइड्रेट रखना बेहद जरूरी होता है। ऐसे में खरबूजा एक प्राकृतिक विकल्प के रूप में काम करता है। इसमें पानी की मात्रा काफी अधिक होती है, जिससे शरीर में पानी की कमी नहीं होने देता और डिहाइड्रेशन से बचाव करता है। रोजाना सीमित मात्रा में इसका सेवन शरीर को ठंडक भी प्रदान करता है।



**गट हेल्थ और पाचन में सुधार** खरबूजा में फाइबर की अच्छी मात्रा पाई जाती है, जो पाचन तंत्र को मजबूत बनाता है। यह कब्ज की समस्या को कम करने में मदद करता है और आंतों की सफाई में सहायक होता है। जिन लोगों को अक्सर पेट से जुड़ी समस्याएं रहती हैं, उनके लिए यह फल फायदेमंद माना जाता है।

**वजन घटाने में सहायक** अगर आप वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं तो खरबूजा को डाइट में शामिल किया जा सकता है। इसमें कैलोरी कम और पोषक तत्व अधिक होते हैं, जिससे यह पेट को लंबे समय तक भरा हुआ महसूस कराता है और ओवरईटिंग से बचाता है।

**इम्यूनिटी और दिल की सेहत के लिए लाभकारी :** इस फल में विटामिन C और अन्य एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाते हैं। साथ ही, यह ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में भी मदद कर सकता है, जिससे दिल की सेहत बेहतर बनी रहती है।

**आंखों के लिए भी फायदेमंद** खरबूजा में विटामिन A पाया जाता है, जो आंखों की रोशनी को बनाए रखने में सहायक है। नियमित और संतुलित सेवन से आंखों से जुड़ी समस्याओं का जोखिम कम हो सकता है।

---

# सुबह खाली पेट भीगी किशमिश और मूंगफली खाने के फायदे

**नई दिल्ली,** (हि.स.) सुबह खाली पेट भीगी हुई किशमिश और मूंगफली खाने से शरीर को कई स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं। यह संयोजन प्रोटीन, हेल्दी फैट, फाइबर, विटामिन और खनिजों से भरपूर होता है, जो शरीर को ऊर्जा प्रदान करता है। किशमिश में मौजूद प्राकृतिक शर्करा तुरंत ऊर्जा देती है, जबकि मूंगफली धीरे-धीरे ऊर्जा रिलीज करती है, जिससे थकान कम होती है और सहनशक्ति बढ़ती है। यह मिश्रण पाचन को सुधारता है, कब्ज से राहत देता है और आंतों को साफ रखने में मदद करता है। साथ ही, इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और पोटेशियम हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं और ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में सहायक होते हैं।



---

# राशिफल : 05 अप्रैल, 2026


मेष- स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पंहुचाने की चेष्टा न करें, अन्यथा हानि संभव है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शुभांक-5-6-8


वृष- अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-7-8


मिथुन- शनै-शनै स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। शुभांक-2-6-9


कर्क- मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्घ होगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-6-7-9


सिंह- कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा। शुभांक-4-6-7


कन्या- स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-4-6-8


तुला- कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-5-7


वृश्चिक- अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढने के अवसर लाभकारी सिद्घ होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। शुभांक-5-6-8


धनु- धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धम-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। समय पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-2-6-8


मकर- परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-9


कुंभ- पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्घिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-8-9


मीन- मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्घ हो रहे है। शुभांक-3-5-6---------------

# पंचांग : 05 अप्रैल, 2026

05 अप्रैल 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति
ग्रह स्थिति
सूर्य मीन में
चंद्र तुला में
मंगल मीन में
बुध कुंभ में
गुरु मिथुन में
शुक्र मेष में
शनि मीन में
राहु कुंभ में
केतु सिंह में
लग्नारंभ समय
मेष 06.20 बजे से
वृष 08.00 बजे से
मिथुन 09.58 बजे से
कर्क 12.12 बजे से
सिंह 14.28 बजे से
कन्या 16.40 बजे से
तुला 18.51 बजे से
वृश्चिक 21.05 बजे से
धनु 23.21 बजे से
मकर 01.26 बजे से
कुंभ 03.13 बजे से
मीन 04.46 बजे से
रविवार 2026 वर्ष का 95वां दिन
दिशाशूल पश्चिम ऋतु बसंत।

विक्रम संवत् 2083 शक संवत् 1948
मास चैत्र पक्ष शुक्ल
तिथि तृतीया 12.00 बजे को समाप्त।
नक्षत्र विशाखा 00.08 बजे रात्र को समाप्त।
योग वज्र 14.44 बजे को समाप्त।
करण विष्टि 12.00 बजे तदनन्तर बव 01.04 बजे रात्र को समाप्त।
चन्द्रायु 16.9 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 060 00
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1872670
जूलियन दिन 2461135.5
कलियुग संवत् 5128
कल्पारंभ संवत् 1972949128
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885128
वीरनिर्वाण संवत् 2552
हिजरी सन् 1447
महीना सव्वाल तारीख 16
विशेष गणेश चतुर्थी व्रत।
---------------

# होर्मुज स्ट्रेट पार कर भारत की ओर बढ़ा एलपीजी टैंकर 'ग्रीन सान्वी', 6 अप्रैल तक मुंबई पहुंचने की उम्मीद



मध्य पूर्व में जारी तनाव के बीच भारत के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। Strait of Hormuz पार कर भारतीय झंडे वाला एलपीजी टैंकर जहाज "ग्रीन सान्वी" सुरक्षित रूप से आगे बढ़ चुका है। इस जहाज पर 44,000 मीट्रिक टन से अधिक एलपीजी लदा हुआ है। ट्रैकिंग डेटा के अनुसार, जहाज ने ईरान के समुद्री क्षेत्र से एक सुरक्षित कॉरिडोर का उपयोग करते हुए होर्मुज स्ट्रेट पार किया और अब यह अरब सागर की दिशा में आगे बढ़ते हुए भारत की ओर रवाना है। उम्मीद है कि यह जहाज 6 अप्रैल तक मुंबई पहुंच जाएगा। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब ईरान, इज़रायल और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच तनाव और संघर्ष की स्थिति बनी हुई है, जिससे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। रिपोर्ट के अनुसार, मार्च महीने में अब तक होर्मुज स्ट्रेट पार करने वाला यह सातवां भारतीय जहाज है और सभी जहाज एलपीजी टैंकर रहे हैं। "ग्रीन सान्वी" के अलावा दो अन्य भारतीय झंडे वाले एलपीजी टैंकर "ग्रीन आशा" और "जग विक्रम" भी जल्द ही होर्मुज पार कर भारत की ओर आ सकते हैं। वर्तमान में फारस की खाड़ी में कई भारतीय जहाज अभी भी फंसे हुए हैं और ईरान से आवश्यक अनुमति मिलने का इंतजार कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि ईरान ने होर्मुज क्षेत्र में अपने नियंत्रण के तहत सुरक्षा जांच और टोल व्यवस्था लागू कर रखी है, हालांकि भारत के साथ उसके कूटनीतिक संबंधों के चलते भारतीय जहाजों को विशेष अनुमति मिल रही है। भारत सरकार लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है और अपने जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए ईरान के साथ राजनयिक स्तर पर बातचीत कर रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह मार्ग सुचारु रूप से खुला रहता है तो भारत में एलपीजी आपूर्ति पर किसी बड़े संकट की आशंका कम हो जाएगी।

## मछली पकड़ने के दौरान दर्दनाक हादसा : जिंदा मछली गले में फंसने से युवक की मौत




**ओडिशा** (हि.स.)। ओडिशा के मयूरभंज जिले के डिघी गांव में मछली पकड़ने के दौरान एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जिसमें युवक अविनाश बिजुली की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, अविनाश सुबह तालाब में मछली पकड़ने गया था और उसने एक 'इंडियन कोई' मछली पकड़ी। मछली को फिसलने से बचाने के लिए उसने उसे मुंह में रख लिया, लेकिन यह लापरवाही उसकी जान पर भारी पड़ गई। बताया जा रहा है कि मछली जिंदा थी और अचानक फड़फड़ाने लगी, जिससे वह युवक के गले में चली गई और श्वास नली में फंस गई। इससे उसे सांस लेने में गंभीर दिक्कत हुई और मौके पर मौजूद लोगों की कोशिशों के बावजूद उसकी हालत बिगड़ती गई। उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिवार में शोक का माहौल है और स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर आक्रोश भी देखा जा रहा है।

## रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में फैसला 15 अप्रैल को

**प्रनई दिल्ली,** (हि.स.)। दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रॉबर्ट वाड्रा को बतौर आरोपित समन जारी करने के मामले पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। स्पेशल जज सुशांत चंगोट्रा ने 15 अप्रैल को फैसला सुनाने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान रॉबर्ट वाड्रा ने कहा है कि उसके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का कोई मामला नहीं बनता है। रॉबर्ट वाड्रा की ओर से पेश




वकील ने कहा कि ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट पर कोर्ट को संज्ञान नहीं लेना चाहिए। कोर्ट ने 2 अगस्त 2025 को वाड्रा समेत इस मामले के 10 आरोपितों को समन जारी किया था। 17 जुलाई 2025 को ईडी ने रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ हरियाणा के शिकोहपुर भूमि से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें वाड्रा और 10 अन्य लोगों के नाम हैं। उनकी कंपनी, मेसर्स स्काई लाइट हॉस्पिटैलिटी प्रा.लि. का नाम भी है। ईडी ने रॉबर्ट वाड्रा और उनकी कंपनी की 37.64 करोड़ की 43 संपत्तियों को मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जब्त किया है। इस मामले की शुरुआत 2008 में हुई थी। गुरुग्राम के शिकोहपुर में जमीन का सौदा हुआ था। स्काई लाइट हॉस्पिटैलिटी ने साढ़े तीन एकड़ जमीन मात्र साढ़े सात करोड़ रुपये में खरीदी थी। वाड्रा इस कंपनी में डायरेक्टर थे। यह जमीन ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज से खरीदी गई थी। इस जमीन का मालिकाना हक सिर्फ 24 घंटे में ही वाड्रा की कंपनी के नाम पर हो गया। स्काई लाइट हॉस्पिटैलिटी ने 2012 में वही जमीन डीएलएफ को 58 करोड़ रुपये में बेच दी। इससे कंपनी को बहुत ज्यादा मुनाफा हुआ। इस मामले में 2018 में एक एफआईआर दर्ज की गई थी।

## मणिपुर : चार उग्रवादी गिरफ्तार, राज्य में सुरक्षा के पुख्ता इंतजम



**इंफाल,** (हि.स.)। उग्रवादी गतिविधियों पर लगातार कार्रवाई करते हुए, मणिपुर पुलिस और सुरक्षा बलों ने तेंगनौपाल जिले के मोरेह पुलिस स्टेशन के तहत यांगौबुंग गांव में चलाए गए एक ऑपरेशन के दौरान घाटी-आधारित उग्रवादी समूह (वीबीआईजी) के चार कैडरों को गिरफ्तार किया है। मणिपुर पुलिस द्वारा शनिवार को दी गयी आधिकारिक जानकारी के अनुसार चारों उग्रवादियों को बीते गुरुवार को गिरफ्तार किया गया था। जिनकी पहचान केइशम सुमंता मैतेई (25, पीएलए से जुड़ा), अंगोम सोमरजीत सिंह उर्फ नोंगाबा (32, जो एनआरएफएम से जुड़ा), युमनाम नाओबा सिंह उर्फ शिनसांगम्बा (26, जो केसीपी/एमएफएल से जुड़ा) और खुंड्राकपम श्यामसन मैतेई उर्फ मंगनलेइबा (25, जो केसीपी /एमएफएल से जुड़ा) के रूप में की गयी है। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए कई जिलों के सीमावर्ती और संवेदनशील इलाकों में तलाशी अभियान और क्षेत्र पर नियंत्रण के अभ्यास तेज कर दिए हैं।

इस बीच, अधिकारियों ने शुक्रवार को जरूरी सामानों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की, जिसके तहत कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग-37 से कुल 276 वाहन गुजरे। सामानों की निर्बाध आपूर्ति बनाए रखने के लिए संवेदनशील इलाकों में काफिलों को सुरक्षा प्रदान की गई।

बढ़ी हुई सुरक्षा व्यवस्था के तहत, पहाड़ी और घाटी दोनों जिलों में 117 नाके और चेकपॉइंट बनाए गए। हालांकि, इन जांचों के दौरान किसी को भी हिरासत में लेने की कोई रिपोर्ट नहीं मिली।

------------------

## पंजाब की मान सरकार पर भाजपा ने लगाए गंभीर आरोप

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। भाजपा के महासचिव तरुण चुग ने पंजाब की भगवंत मान सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि कुछ मंत्रियों के घरों में कथित तौर पर "टॉर्चर सेंटर" चलाए जा रहे हैं, जहां लोगों को बुलाकर उनसे वसूली और दुर्व्यवहार किया जाता है। यह स्थिति लोकतंत्र के लिए चिंताजनक है।

**कानून-व्यवस्था पर सवाल**

तरुण चुग ने दावा किया कि पंजाब में कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब हो चुकी है और माफिया व गैंगस्टरों का प्रभाव बढ़ गया है। उनके अनुसार



प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग हो रहा है और सरकार इस पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में विफल रही है।

**पूर्व मंत्री को लेकर बयान**

भाजपा नेता ने पूर्व मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि जेल में उन्हें वीआईपी सुविधाएं दी जा रही हैं और

**पुलिस कार्रवाई पर सवाल**

तरुण चुग ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि आरोपियों के मोबाइल जब्त नहीं किए गए और गिरफ्तारी में भी देरी हो रही है, जिससे जांच प्रक्रिया पर संदेह पैदा होता है।

इस मामले में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कूचबिहार में जनसभा आज, एसपीजी ने संभाला मोर्चा

**कूचबिहार,** (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को पश्चिम बंगाल के कूचबिहार में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। यह सभा ऐतिहासिक रासमेला मैदान में आयोजित होगी, जिसे लेकर पूरे जिले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।


इस संबंध में प्रधानमंत्री की सुरक्षा टीम और स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी) के अधिकारी कूचबिहार पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे है। वहीं, कूचबिहार एयरपोर्ट पर सेना के हेलीकॉप्टर की ट्रायल लैंडिंग भी की गई।



प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी रविवार दोपहर करीब तीन बजे कूचबिहार एयरपोर्ट पहुंचेंगे और वहां से सड़क मार्ग के जरिए रासमेला मैदान स्थित सभा स्थल तक जाएंगे।राज्य और जिला पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी लगातार तैयारियों की निगरानी कर रहे हैं।भाजपा नेताओं के मुताबिक, यह जनसभा कूचबिहार और अलीपुरद्वार जिले की 13 विधानसभा सीटों के उम्मीदवारों के समर्थन में आयोजित की जा रही है। सभास्थल पर तीन स्तरों में कार्यकर्ताओं और समर्थकों के बैठने की व्यवस्था की गई है। प्रधानमंत्री मोदी की इस रैली को लेकर उत्तर बंगाल की सियासत में हलचल तेज हो गई है

## 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पर विपक्ष की सर्वदलीय बैठक की मांग, खरगे ने रिजिजू को लिखा पत्र

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू को पत्र लिखकर 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023' को लागू करने के तरीकों और उसके रोडमैप पर चर्चा के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाने की अपनी मांग दोहराई है। इस पत्र पर आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह, समाजवादी पार्टी के सांसद रामगोपाल यादव



सहित 10 से अधिक विपक्षी सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। खरगे ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि उन्होंने 16 मार्च 2026 को भी रिजिजू को पत्र लिखकर प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में जल्द से जल्द सर्वदलीय बैठक आयोजित करने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा कि सरकार अब सितंबर 2023 में पारित इस संविधान संशोधन में एक और संशोधन करने की योजना पर विचार कर रही है, जिस पर विपक्ष चर्चा चाहता है। उन्होंने सुझाव दिया कि बैठक को प्रभावी बनाने के लिए पहले एक विस्तृत नोट जारी किया जाए, जिसमें प्रस्तावित बदलावों को स्पष्ट किया जाए। साथ ही, उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनावों का वर्तमान दौर समाप्त होने के बाद 29 अप्रैल को बैठक आयोजित की जा सकती है।

इससे पहले रिजिजू ने खरगे को लिखे पत्र में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने वाला ऐतिहासिक कदम बताया था और इसके क्रियान्वयन के लिए व्यापक सहमति की आवश्यकता पर जोर दिया था।

## ईरान से भारतीय मछुआरों की सुरक्षित वापसी, आर्मेनिया के सहयोग पर विदेश मंत्री ने जताया आभार

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शनिवार को ईरान में फंसे भारतीय मछुआरों की सुरक्षित निकासी में सहयोग के लिए आर्मेनिया के विदेश मंत्री अरारात मिर्जोयान और वहां की सरकार का आभार व्यक्त किया।

डॉ. जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने संदेश में कहा कि आर्मेनिया के सहयोग से भारतीय मछुआरों को ईरान से निकालकर आर्मेनिया के रास्ते सुरक्षित रूप से भारत लाया गया है। उन्होंने इस मानवीय सहायता के लिए आर्मेनियाई सरकार के प्रति कृतज्ञता जताई।

विदेश मंत्रालय के अनुसार संबंधित एजेंसियों के समन्वय से यह निकासी अभियान सफलतापूर्वक पूरा किया गया। मछुआरे पहले ईरान में फंसे हुए थे, जिन्हें सुरक्षित मार्ग उपलब्ध कराते हुए आर्मेनिया के जरिए भारत वापस लाया गया।

सरकार ने कहा कि विदेशों में फंसे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और उनकी शीघ्र वापसी उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस दिशा में लगातार प्रयास जारी रहेंगे।

# इजरायल-अमेरिका के हमले के बाद ईरान की परमाणु चेतावनी, खाड़ी देशों पर मंडराया खतरा




**काठमांडू,** (हि.स.)। बुशहर परमाणु केंद्र पर इजरायल और अमेरिका द्वारा शनिवार को चौथी बार किए गए हमले के बाद पश्चिम एशिया में तनाव चरम पर पहुंच गया है। ईरान का आरोप है कि लगातार बमबारी से क्षेत्र में गंभीर परमाणु खतरा उत्पन्न हो सकता है। यह हमला ऐसे समय में हुआ जब दोनों पक्षों के बीच सैन्य टकराव तेजी से बढ़ रहा है।

**ईरान की पहली खुली परमाणु धमकी:** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने पहली बार खुलकर परमाणु खतरे की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि यदि बुशहर प्लांट से रेडियोएक्टिव फॉलआउट होता है, तो इसका असर ईरान से ज्यादा खाड़ी देशों पर पड़ेगा। उनके अनुसार, यह स्थिति पूरे क्षेत्र के लिए विनाशकारी साबित हो सकती है।

**खाड़ी देशों पर मंडराया बड़ा संकट:** ईरान ने स्पष्ट किया कि संभावित विकिरण का प्रभाव सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, बहरीन, कतर और ओमान जैसे देशों की राजधानियों तक पहुंच सकता है। ईरान का दावा है कि ऐसी स्थिति में इन देशों में जीवन पूरी तरह प्रभावित हो सकता है, जिससे क्षेत्रीय स्थिरता पर गहरा संकट खड़ा हो जाएगा।

**स्थायी समाधान की अपील**
अराघची ने यह भी कहा कि ईरान पर युद्ध थोपा गया है और वह इसका स्थायी समाधान चाहता है। उन्होंने पश्चिमी देशों पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि जैसे जापोरिज्जिया न्यूक्लियर पावर प्लांट के मामले में चिंता जताई गई थी, वैसे ही यहां भी गंभीरता दिखानी चाहिए। ईरान ने स्पष्ट किया कि अस्थायी समाधान से हालात नहीं सुधरेंगे और क्षेत्र में शांति के लिए ठोस कदम जरूरी हैं।

# काठमांडू में कौंसुलर कार्यालय खोलेगा पुर्तगाल, द्विपक्षीय संबंधों को मिलेगा बढ़ावा

**काठमांडू,** (हि.स.)। पुर्तगाल की सरकार ने नेपाल की राजधानी काठमांडू में कौंसुलर कार्यालय खोलने की घोषणा की है। पुर्तगाल के विदेश मंत्रालय ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म—फेसबुक और एक्स—के माध्यम से यह जानकारी साझा करते हुए कहा कि इस कदम से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध मजबूत होंगे, साझा हितों को बढ़ावा मिलेगा और सहयोग में विस्तार होगा। नेपाल लंबे समय से पुर्तगाल से काठमांडू में राजनयिक मिशन स्थापित करने का अनुरोध करता रहा है।



प्रस्तावित कौंसुलर कार्यालय खुलने के बाद नेपाली नागरिकों को सेवाओं तक पहुंच आसान हो जाएगी। कार्यालय शुरू होने के बाद वीजा प्रक्रिया, दस्तावेज़ प्रमाणीकरण और अन्य आधिकारिक कार्यों के लिए नेपाली नागरिकों को अब भारत में नई दिल्ली जाने की आवश्यकता नहीं होगी। नेपाल में पुर्तगाल की कूटनीतिक उपस्थिति से व्यापार, निवेश, पर्यटन, ऊर्जा, कृषि और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ने की भी उम्मीद है। इससे पहले नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल ने बुधवार को पुर्तगाल के विदेश मंत्री पाउलो रांगेल के साथ टेलीफोन पर बातचीत की थी। बातचीत के दौरान खनाल ने पुर्तगाली समकक्ष को पुर्तगाल में रह रहे 2,000 से अधिक नेपाली नागरिकों को झेलनी पड़ रही कानूनी और प्रक्रियागत समस्याओं के बारे में जानकारी दी। बताया गया कि ये समस्याएं मूल पुलिस रिपोर्टों पर जाली आधिकारिक मुहर के मामलों के कारण उत्पन्न हुई हैं, जिससे दस्तावेज़ प्रक्रिया जटिल हो गई है। इस पर रांगेल ने पुर्तगाल की अर्थव्यवस्था में नेपाली समुदाय के योगदान की सराहना की और आश्वासन दिया कि वे संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर इन मामलों की मानवीय दृष्टिकोण से समीक्षा के लिए सकारात्मक कदम उठाएंगे।

# यूएई का झटका : आर्थिक संकट में घिरा पाकिस्तान, बढ़ी दिवालिया होने की आशंका

**पाकिस्तान** (हि.स.)। आर्थिक बदहाली से जूझ रहे पाकिस्तान के लिए एक और बड़ा झटका सामने आया है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने अपने 2 अरब डॉलर के कर्ज को तुरंत वापस मांग लिया है। यह रकम पाकिस्तान के विदेशी मुद्रा भंडार को सहारा देने के लिए उसके केंद्रीय बैंक में जमा थी। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच यूएई का यह फैसला पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर डाल सकता है।

**कर्ज का बढ़ता बोझ:** पाकिस्तान पहले से ही भारी कर्ज और ब्याज के दबाव में




है। इस जमा राशि पर करीब 6 प्रतिशत ब्याज दिया जा रहा था। दिसंबर 2025 में इसकी अवधि खत्म होने के बाद इसे कुछ समय के लिए बढ़ाया गया, लेकिन अब यूएई ने इसे आगे बढ़ाने से इनकार कर दिया है। इस वित्त वर्ष में पाकिस्तान को कुल 12 अरब डॉलर के कर्ज को रोलओवर करवाने की जरूरत है, जिसमें सऊदी अरब और चीन का भी बड़ा हिस्सा शामिल है।

**विदेशी मुद्रा भंडार पर खतरा**
फिलहाल पाकिस्तान के पास लगभग 21 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार है। तकनीकी रूप से वह 2 अरब डॉलर लौटा सकता है, लेकिन इससे उसके भंडार पर भारी दबाव पड़ेगा। इससे आयात, विकास योजनाओं और अन्य आर्थिक गतिविधियों पर असर पड़ सकता है।

**आगे क्या विकल्प?"** विशेषज्ञों का मानना है कि अब पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से मदद लेनी पड़ सकती है। साथ ही, अगर अन्य देश भी अपना कर्ज वापस मांगते हैं, तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। अब नजरें शहबाज शरीफ सरकार पर हैं कि वह इस आर्थिक संकट से देश को कैसे उबारती है।

# ईरान ने अमेरिकी कमांड सेंटर और पैट्रियट सिस्टमों को बनाया निशाना

**तेहरान,** (हि.स.)। पश्चिम एशिया में अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच 35 दिनों से युद्ध जारी है। इस बीच, ईरान की सैन्य इकाई इस्लामिक रिवोल्यूशन गाड्र्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि उसने अमेरिकी सैन्य ठिकानों और मिसाइल रक्षा प्रणालियों पर बड़े पैमाने पर हमले किए हैं। इन हमलों में अमेरिका के कमांड सेंटर, पैट्रियट मिसाइल सिस्टम से जुड़े ठिकानों को निशाना बनाया गया। ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार तसनीम न्यूज एजेंसी ने बताया कि, आईआरजीसी ने शनिवार को दावा किया कि 'ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4' के



तहत अमेरिकी सैन्य ठिकानों, पैट्रियट मिसाइल सिस्टमों और इजराइल से जुड़े ठिकानों को निशाना बनाया गया है। आईआरजीसीके अनुसार, जिन ठिकानों पर हमले किए गए उनमें कुवैत के बुबियन द्वीप पर तैनात अमेरिकी हिमर्स (हाई मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम) रॉकेट आर्टिलरी बैटरियां, उत्तरी बहरीन में एक अमेरिकी पैट्रियट मिसाइल सिस्टम, अमेरिकी निर्मित मिसाइल सिस्टमों के संचालकों के जमावड़ा स्थल और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में अमेरिकी सेना के वरिष्ठ कमांडरों तथा प्रशिक्षकों के ठिकाने शामिल थे। बयान में यह भी कहा गया कि इन हमलों के दौरान यूएई स्थित अमेरिकी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टेक्नोलॉजी कंपनी 'ओरेकल कॉर्पोरेशन' को भी निशाना बनाया गया। इसके अलावा, एक वाणिज्यिक जहाज "एमसीएस इशिका" को निशाना बनाया गया। यह जहाज इज़राइली के स्वामित्व वाला है और किसी तीसरे देश के झंडे के नीचे चल रहा था। बहरीन के खलीफ़ा बिन सलमान बंदरगाह पर लंगर डाले इस जहाज पर आईआरजीसी ने प्रोजेक्टाइल से हमला किया। आईआरजीसी ने कहा कि तेल अवीव, बनेई बराक, पेताह टिक्वा, रामत गान और किर्यात शमोना में कई स्थानों पर बहु-वॉरहेड वाली 'क़द्र' मिसाइलों से लगातार और भारी हमले किए गए।

# इजराइल के सैन्य और औद्योगिक केंद्रों पर ईरान ने दागे बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन

**तेहरान,** (हि.स.)पश्चिम एशिया में जारी सैन्य टकराव लगातार तीव्र होता जा रहा है। ईरान की प्रमुख सैन्य इकाई इस्लामिक रिवोल्यूशन गाड्र्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि उसने इजराइल के सैन्य और औद्योगिक ठिकानों पर बड़े पैमाने पर नए जवाबी हमले किए हैं। 'ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4' के तहत किए गए इन हमलों में तेल अवीव सहित इजराइल के कई हिस्सों को निशाना बनाया गया है। आईआरजीसी के अनुसार, इन हमलों में बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन का इस्तेमाल किया गया, जिससे




क्षेत्र में पहले से जारी तनाव और अधिक बढ़ गया है। ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार संस्था तसनीम न्यूज़ एजेंसी ने आईआरजीसी के हवाले से बताया कि, शनिवार को 'ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस 4' की 94वीं लहर के दौरान तेल अवीव के साथ इजराइल के दक्षिणी, मध्य और उत्तरी हिस्सों में मौजूद विभिन्न सैन्य और औद्योगिक केंद्रों तथा कमांडरों और इकाइयों के ठिकानों को निशाना बनाया गया। इन हमलों में ठोस और तरल ईंधन वाली बैलिस्टिक मिसाइलों खुर्रमशहर, खैबर-शिकन (खैबर-बस्टर) और इमाद का इस्तेमाल किया गया। ये मिसाइलें गाइडेड वॉरहेड, कई प्रोजेक्टाइल और विनाशकारी ड्रोन से लैस थीं। आईआरजीसी ने बताया कि डिमोना, नेगेव, बीर शेवा और रामत गान स्थित ठिकानों को 'डीप फायर-टू-फायर' रणनीति के तहत और लगातार हमलों के बीच निशाना बनाया गया। साथ ही दावा किया कि इजराइल की उन्नत रक्षा प्रणालियां ईरानी मिसाइलों को रोकने में विफल रहीं। बयान के अनुसार, यमन के विद्रोही गुटों ने भी बैलिस्टिक मिसाइल हमलों के जरिए इजराइल के कब्जे वाले दक्षिणी क्षेत्रों को निशाना बनाया है। बयान में कहा गया है कि इराक के खिलाफ 19 मिसाइल और ड्रोन हमले किए गए हैं।

# यूएई में हुए ड्रोन हमले में 7 नेपाली नागरिक घायल

**काठमांडू,** (हि.स.)। पश्चिम एशिया में जारी सैन्य संघर्ष के दौरान संयुक्त अरब अमीरात में हुए ड्रोन हमले में 7 नेपाली नागरिकों के घायल होने की खबर है। यूएई में ईरान के ड्रोन हमले में 7 नेपाली नागरिक घायल हुए। नेपाली दूतावास के अनुसार, सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती किया गया है और सभी सुरक्षित हैं। विदेश मंत्रालय ने बताया कि यूएई स्थित नेपाली दूतावास के कर्मचारियों ने सभी 7 घायलों से टेलीफोन पर संपर्क किया है और उन्होंने खुद को खतरे से बाहर बताया है। इनमें से 4 घायलों से दूतावास के अधिकारियों ने



शनिवार को मुलाकात भी की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लोक बहादुर क्षेत्री के अनुसार, सभी के स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली गई है और आवश्यक सहयोग के लिए समन्वय किया जा रहा है। बाकी तीन घायलों से भी जल्द मुलाकात कर आवश्यक जानकारी ली जाएगी। प्रवक्ता क्षेत्री के अनुसार, घायलों में से 7 लोग सामान्य अवस्था में अस्पताल में इलाज करा रहे हैं जबकि एक व्यक्ति को गंभीर चोट लगी है लेकिन वह भी खतरे से बाहर है। उन्होंने फोन पर बताया है कि वह भी जल्द अस्पताल से छुट्टी पा जाएगा। इस घटना की जानकारी मिलते ही विदेश मंत्रालय ने दूतावास को आवश्यक समन्वय के निर्देश दिए थे। यूएई के संबंधित निकायों द्वारा समय पर सभी घायलों के लिए उचित उपचार की व्यवस्था की गई।

# पेट्रोलियम पदार्थों की कीमत में बढ़ोतरी के खिलाफ काठमांडू में युवाओं का प्रदर्शन



**काठमांडू,** (हि.स.)। नेपाल के काठमांडू में पेट्रोलियम उत्पादों की लगातार कीमत वृद्धि के खिलाफ युवा कार्यकर्ताओं ने शनिवार को विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी से दैनिक उपभोग की आवश्यक वस्तुओं के दाम भी बढ़ रहे हैं, जिससे आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। प्रदर्शन के दौरान प्रतिभागियों ने "महंगाई का बोझ बंद करो", "पेट्रोल पर टैक्स घटाओ", "जनता को राहत देने के लिए ईंधन की कीमत कम करो" और "पेट्रोल पर लगे टैक्स खत्म करो" जैसे नारों वाले प्लेकार्ड प्रदर्शित किए। यह विरोध प्रदर्शन नेशनल जेन जी सिटीजंस कैंपेन और एंटी करप्शन ग्रांड कैंपेन नेपाल द्वारा आयोजित किया गया था। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से पेट्रोल पर लगाए गए विभिन्न करों को समाप्त करने और ईंधन की कीमतों में कमी कर उपभोक्ताओं को राहत देने की मांग भी की।

# 48 घंटे बाद ईरान पर 'कहर' की चेतावनी, ट्रंप ने दोहराई 6 अप्रैल की डेडलाइन

**ईरान ,** (हि.स.)।अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को लेकर एक बार फिर कड़ा बयान दिया है, जिससे मध्य-पूर्व में तनाव और बढ़ गया है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए याद दिलाया कि उन्होंने ईरान को समझौते या होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने के लिए 10 दिन का समय दिया था, जो अब खत्म होने वाला है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि तय समय सीमा तक ईरान ने कदम नहीं उठाया, तो "48 घंटे बाद कहर टूटेगा।" वर्तमान में अमेरिका,



इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष जारी है, जिसे एक महीने से अधिक समय हो चुका है। बावजूद इसके, अब तक किसी भी तरह के युद्धविराम पर सहमति नहीं बन पाई है। हाल के दिनों में ईरान ने अमेरिकी और इजरायली ठिकानों पर हमले तेज किए हैं, जिससे हालात और तनावपूर्ण हो गए हैं। ट्रंप की यह ताजा चेतावनी ऐसे समय आई है, जब कूटनीतिक प्रयास भी विफल होते नजर आ रहे हैं। इससे आशंका जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में संघर्ष और तेज हो सकता है।

# समीर रिजवी के तूफानी 90 से दिल्ली की शानदार जीत, मुंबई को 6 विकेट से हराया



**नई दिल्ली, (हि.स.)**
--------------------------------
दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए मुंबई इंडियंस को 6 विकेट से करारी शिकस्त दी। इस जीत के नायक रहे युवा बल्लेबाज समीर रिजवी, जिन्होंने 51 गेंदों पर 90 रनों की विस्फोटक पारी खेलकर मैच का रुख बदल दिया। इस जीत के साथ दिल्ली ने टूर्नामेंट में लगातार दूसरी सफलता हासिल की।
163 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली की शुरुआत बेहद खराब रही। केएल राहुल मात्र 1 रन बनाकर पहले ही ओवर में आउट हो गए, जबकि दूसरे ओवर में नीतिश राणा भी रन आउट हो गए। 8 रन पर दो विकेट गिरने के बाद टीम संकट में दिख रही थी। इसके बाद पथुम निशंका और समीर रिजवी ने पारी को संभाला। निशंका ने 30 गेंदों पर 44 रन की तेज पारी खेली और दोनों के बीच 66 रनों की अहम साझेदारी हुई।
निशंका के आउट होने के बाद रिजवी ने आक्रामक रुख अपनाया और तेजी से रन बटोरे। उन्होंने 31 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया और अंत तक मुंबई के गेंदबाजों पर हावी रहे। रिजवी ने 7 चौके और 7 छक्कों की मदद से 90 रन बनाए। अंततः दिल्ली ने 18.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।
इससे पहले मुंबई इंडियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 162 रन बनाए। टीम की ओर से सूर्यकुमार यादव ने 36 गेंदों पर 51 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। उनके अलावा रोहित शर्मा ने 35 रन का योगदान दिया।
मुंबई की शुरुआत खराब रही और शुरुआती झटकों के बाद सूर्यकुमार यादव ने पारी को संभाला। मध्यक्रम में नमन धीर ने 28 रन बनाकर सहयोग किया, जबकि अंत में मिचेल सैंटनर और कॉर्बिन बॉश ने तेज रन जोड़कर टीम को 162 तक पहुंचाया।
दिल्ली की ओर से मुकेश कुमार ने 2 विकेट लिए, जबकि अक्षर पटेल, लुंगी एन्गिडी और टी नटराजन ने 1-1 विकेट हासिल किया।
मैच में मुंबई नियमित कप्तान हार्दिक पांड्या की गैरमौजूदगी में उतरी, जहां सूर्यकुमार यादव ने कप्तानी संभाली। वहीं दिल्ली ने बिना बदलाव के मैदान में उतरकर संतुलित प्रदर्शन किया। कुल मिलाकर, समीर रिजवी की विस्फोटक बल्लेबाजी ने मैच को एकतरफा बना दिया और दिल्ली को शानदार जीत दिलाई।

**आईपीएल 2026 : समीर रिजवी की विस्फोटक पारी की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने दर्ज की लगातार दूसरी जीत**

**मुंबई इंडियंस – 162/6 (20 ओवर)**
- सूर्यकुमार यादव – 51 (36)
- रोहित शर्मा – 35 (26)
- नमन धीर – 28 (21)
- मिचेल सैंटनर – 18* (13)
- कॉर्बिन बॉश – 11* (4)


**विकेट:**
- मुकेश कुमार – 2
- अक्षर पटेल – 1
- लुंगी एन्गिडी – 1
- टी नटराजन – 1

**दिल्ली कैपिटल्स – 163/4 (18.1 ओवर)**
- समीर रिजवी – 90 (51)
- पथुम निशंका – 44 (30)
- केएल राहुल – 1 (1)
- नीतिश राणा – 0

# हेडिंग : सिद्दी पहलवानों का जलवा, खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में बने सामुदायिक पावर हाउस

**अंबिकापुर (छत्तीसगढ़), (हि.स.)**

**कर्नाटक के सिद्दी समुदाय ने कुश्ती में 3 स्वर्ण और 1 रजत जीतकर रचा इतिहास**
--------------------




रामनीषा जुआवा सिद्दी, रोहन एम डोड़ामणि, प्रिंसिता पेदरू फर्नांडिस सिद्दी और शालिना सेयर सिद्दी ने 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026' में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिद्दी समुदाय का नाम रोशन किया है। कर्नाटक से आए इन पहलवानों ने कुश्ती मैट पर बेहतरीन तकनीक और दमखम का प्रदर्शन किया और यह साबित किया कि प्रतिभा किसी पहचान या संसाधन की मोहताज नहीं होती।
प्रतियोगिता में कर्नाटक के कुल 9 पहलवानों ने भाग लिया, जिनमें से 4 सिद्दी समुदाय से थे। इन चारों खिलाड़ियों ने मिलकर 3 स्वर्ण और 1 रजत पदक जीतकर एक मजबूत संदेश दिया कि यदि सही प्रशिक्षण और अवसर मिले तो दूरदराज के समुदाय भी खेलों में बड़ा मुकाम हासिल कर सकते हैं। स्वर्ण पदक विजेताओं में मनीषा जुआवा सिद्दी (76 किग्रा), रोहन एम डोड़ामणि (ग्रीको रोमन 60 किग्रा) और प्रिंसिता पेदरू फर्नांडिस सिद्दी (68 किग्रा) शामिल रहे, जबकि शालिना सेयर सिद्दी (57 किग्रा) ने रजत पदक अपने नाम किया।
इन खिलाड़ियों की सफलता के पीछे निरंतर अभ्यास, अनुशासन और समर्पण के साथ-साथ कोच ममता का मार्गदर्शन भी महत्वपूर्ण रहा। स्थानीय स्तर के दंगलों से लेकर राष्ट्रीय ट्रायल तक इन खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए चयन प्रक्रिया में शीर्ष स्थान हासिल किया।
सिद्दी समुदाय, जो अफ्रीकी मूल से जुड़ा हुआ है और मुख्य रूप से कर्नाटक में निवास करता है, अब कुश्ती के क्षेत्र में तेजी से उभर रहा है। समुदाय के भीतर खेलों के प्रति बढ़ती रुचि और युवाओं की भागीदारी यह संकेत देती है कि आने वाले समय में यह समुदाय खेल जगत में और भी बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकता है।

# महिला क्रिकेट : न्यूजीलैंड ने साउथ अफ्रीका को 66 रन से हराकर जीती वनडे सीरीज

**वेलिंगटन, (हि.स.)**
न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम ने साउथ अफ्रीका को तीसरे वनडे मुकाबले में 66 रन से हराकर सीरीज अपने नाम कर ली। वेलिंग्टन के बेसिन रिजर्व मैदान पर शनिवार (4 अप्रैल) को खेले गए इस मुकाबले में न्यूजीलैंड ने शानदार प्रदर्शन किया।
पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम महज 3 रन पर 3 विकेट गंवा बैठी। तुमी सेखुखुने ने सूजी बेट्स और अमेलिया केर को आउट कर शुरुआती झटके दिए, जबकि अयांडा ह्लूबी ने जॉर्जिया प्लिमर को पवेलियन भेजा।



इसके बाद मैडी ग्रीन और ब्रूक हॉलिडे ने पारी को संभाला और चौथे विकेट के लिए 211 रनों की बड़ी साझेदारी की। मैडी ग्रीन ने नाबाद 141 रन बनाए, जबकि ब्रूक हॉलिडे 98 रन बनाकर शतक से चूक गईं। न्यूजीलैंड ने निर्धारित 50 ओवर में 7 विकेट पर 306 रन बनाए।
लक्ष्य का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीका की टीम ने अच्छी शुरुआत की और ओपनर्स ने 68 रन जोड़े। इसके बाद कप्तान लॉरा वोलवार्ड्ट और एनरी डर्कसन ने 77 रनों की साझेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। हालांकि, वोलवार्ड्ट के आउट होते ही टीम लड़खड़ा गई और स्कोर 145/1 से 154/4 हो गया। इसके बाद साउथ अफ्रीका की पारी बिखर गई और नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। रोजमेरी मेयर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट लिए और पूरी टीम को 46.1 ओवर में 240 रन पर समेट दिया।

**संक्षिप्त स्कोर**
न्यूजीलैंडः 306/7 (50 ओवर) – मैडी ग्रीन 141*, ब्रूक हॉलिडे 98
साउथ अफ्रीकाः 240 ऑलआउट (46.1 ओवर) – लॉरा वोलवार्ड्ट 69, एनरी डर्कसन 47
न्यूजीलैंड 66 रन से विजेता।

# आईपीएल 2026 : सीएसके पर जीत के बाद पंजाब किंग्स को झटका, धीमी ओवर गति के कारण श्रेयस अय्यर पर जुर्माना

**चेन्नई, (हि.स.)**
इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के मैच नंबर 7 में पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के कप्तान श्रेयस अय्यर पर बड़ी कार्रवाई की गई है। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ मुकाबले के दौरान टीम द्वारा धीमी ओवर गति बनाए रखने के कारण उन पर जुर्माना लगाया गया है।
आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत, जो न्यूनतम ओवर-रेट से जुड़ा है, यह पंजाब किंग्स का इस सीजन का दूसरा अपराध था। इसके चलते श्रेयस अय्यर पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं, प्लेइंग इलेवन के अन्य खिलाड़ियों और इम्पैक्ट प्लेयर पर भी कार्रवाई करते हुए या तो 6 लाख रुपये या उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत (जो भी कम हो) का जुर्माना लगाया गया है।




शुक्रवार को खेले गए इस मुकाबले में पंजाब किंग्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 210 रनों के मुश्किल लक्ष्य को 18.4 ओवर में ही हासिल कर लिया। टीम ने 8 गेंद शेष रहते हुए 5 विकेट से जीत दर्ज की। यह इस सीजन में पंजाब की लगातार दूसरी जीत है, जिससे अंक तालिका में उसकी स्थिति मजबूत हुई है।
लक्ष्य का पीछा करते हुए कप्तान श्रेयस अय्यर ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने सिर्फ 29 गेंदों में 50 रन बनाकर पारी को संभाला और टीम को जीत की ओर अग्रसर किया। वहीं इम्पैक्ट प्लेयर प्रियांश आर्य ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए मात्र 11 गेंदों में 39 रन बनाए, जिसमें 3 चौके और 4 छक्के शामिल थे। उनकी आक्रामक शुरुआत ने मैच का रुख पंजाब की ओर मोड़ दिया।
इससे पहले चेन्नई सुपर किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 209/5 का बड़ा स्कोर खड़ा किया। युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे ने 43 गेंदों में 73 रन की शानदार पारी खेली, जबकि शिवम दुबे ने नाबाद 45 रन बनाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। हालांकि, प्रमुख गेंदबाज मथीशा पथिराना की गैरमौजूदगी टीम को भारी पड़ी और गेंदबाज लक्ष्य का बचाव करने में असफल रहे।
पंजाब किंग्स की ओर से विजयकुमार वैशाख ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 2 विकेट हासिल किए। उनकी गेंदबाजी ने सीएसके के स्कोर को नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाई।

- जीत के बावजूद धीमी ओवर-रेट के कारण हुई कार्रवाई ने पंजाब किंग्स के जश्न को थोड़ा फीका जरूर कर दिया, लेकिन टीम का प्रदर्शन इस मुकाबले में शानदार रहा।

# फिडे कैंडिडेट्स 2026, राउंड 5 : जावोखिर सिंदारोव ने हिकारू नाकामुरा को हराकर बढ़त बरकरार रखी

**नई दिल्ली, (हि.स.)**
साइप्रस में खेले जा रहे फिडे कैंडिडेट्स 2026 के पांचवें राउंड में जावोखिर सिंदारोव ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए हिकारू नाकामुरा को हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। इस जीत के साथ सिंदारोव 5 राउंड के बाद 4.5 अंकों के साथ एकमात्र बढ़त पर बने हुए हैं।
सिंदरोव ने मुकाबले में सही समय पर सेंटर में ब्रेक और सक्रिय रूख के खेल के जरिए नियंत्रण हासिल किया। उन्होंने 14...Nxb4 चाल से व्हाइट के क्वींसाइड विस्तार को सजा दी, इसके बाद 16वीं चाल में c5 खेलकर दबाव बनाया और धीरे-धीरे अपने मोहरों को बेहतर स्थिति में पहुंचाया। इसके बाद उन्होंने किंगसाइड पर f6, h6 और g5 जैसी चालों से दबाव बढ़ाया। 41वीं चाल में gxh4 के साथ निर्णायक प्रहार करते हुए उन्होंने मुकाबला अपने नाम किया।




वहीं भारत के आर प्रज्ञानानंद ने लगातार दूसरे मुकाबले में ड्रॉ खेला। उन्होंने आंद्रेई एसिपेंको के खिलाफ थ्रीफोल्ड रिपीटेशन के जरिए अंक बांटे। प्रज्ञानानंद ने संतुलित शुरुआत की, लेकिन दोनों खिलाड़ी कोई भी निर्णायक बढ़त नहीं बना सके और मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ।
चौथे राउंड में हार के बाद भारत की दिव्या देशमुख ने वापसी करते हुए तान झोंगयी के खिलाफ ड्रॉ खेला। मुकाबला शुरुआत से ही संतुलित रहा, जहां दोनों खिलाड़ियों ने जल्दी कास्टलिंग कर अलग-अलग विंग्स पर खेलना शुरू किया। मिडिल गेम में तान ने Ra5, Rfa1, Ra7 और नाइट मूव्स से दबाव बनाने की कोशिश की, लेकिन दिव्या ने Nd6, Nd7 और समय पर किंग को सेंटर में लाकर बेहतरीन बचाव किया। 42वीं चाल के बाद उन्होंने पर्पेचुअल चेक के जरिए ड्रॉ सुनिश्चित किया।
अन्य मुकाबलों में कातेरिना लाग्नो ने बिबिसारा असाउबायेवा को हराया। ओपन वर्ग में फैबियानो कारुआना ने मथियास ब्लूबाउम को मात देकर 3.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत की, जबकि अनिश गिरी और वेई यी के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। महिला वर्ग के एक अन्य मुकाबले में झू जिनर ने आर वैशाली को हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

# सचिवालय सुपर लीग में डेंजर और पैंथर की जीत

**देहरादून, (हि.स.)**
--------------------------
सचिवालय सुपर लीग 2026 के तहत शनिवार को खेले गए मुकाबलों में रोमांचक क्रिकेट देखने को मिला। दिन के दोनों मैचों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।
पहला मैच सचिवालय हरिकेन और सचिवालय डेंजर के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए हरिकेन की टीम ने 107 रन का स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से सुनील मेंदोला ने सर्वाधिक 43 रन बनाए। गेंदबाजी में शीशपाल सिंह और वीरेंद्र सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3-3 विकेट हासिल किए।
लक्ष्य का पीछा करने उतरी डेंजर की टीम ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 13 ओवर में 3 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। मनोज बिष्ट ने 37 रनों की अहम पारी खेली, जबकि अनुज चमोली ने 2 विकेट लिए। इस जीत के साथ सचिवालय डेंजर ने मुकाबला 7 विकेट से अपने नाम किया। शानदार गेंदबाजी के लिए शीशपाल सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया।




दिन का दूसरा मैच सचिवालय पैंथर और सचिवालय बुल्स के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पैंथर की टीम ने 117 रन बनाए, जिसमें सौरभ उनियाल ने 34 रनों का योगदान दिया। बुल्स की ओर से विक्की ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके।
जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी बुल्स की टीम 99 रन पर ऑल आउट हो गई। टीम के लिए सुधांशु राणा ने 38 रन बनाए। पैंथर की ओर से अजीत शर्मा, जितेंद्र और प्रमोद ने 3-3 विकेट लेकर मैच का रुख पलट दिया।
इस तरह सचिवालय पैंथर ने 18 रन से जीत दर्ज की। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अजीत शर्मा को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। कुल मिलाकर दिन के दोनों मुकाबलों में खिलाड़ियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा और दर्शकों को रोमांचक क्रिकेट का भरपूर आनंद मिला।